
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-302 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
03 नवंबर 2024 रविवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



3 साल के अनीश...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा ने पहली बार कहा-भारत खतरा पैदा करने वाला देश

- नॉर्थ कोरिया-ईरान समेत 5 देशों की लिस्ट में किया शामिल,कनाडा-इंडिया संबंधों में विवाद जारी

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा की जासूसी एजेंसी कम्युनिकेशन सिक्योरिटी एस्टैब्लिशमेंट ने खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में भारत को शामिल किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के



मुताबिक, यह पहली बार है, जब कनाडा सरकार की इस लिस्ट में भारत का नाम आया है। दरअसल, एजेंसी के साइबर विभाग ने 31 अक्टूबर को रिपोर्ट जारी की। इसमें 2025-26 में खतरा पैदा करने वाले देशों के नाम हैं। इस लिस्ट में भारत को चीन, रूस, ईरान, उत्तर कोरिया के बाद पांचवें नंबर पर रखा गया है। गवर्नमेंट ऑफ कनाडा की ऑफिशियल वेबसाइट पर यह लिस्ट मौजूद है। कनाडा बोला- तनाव की वजह से साइबर घटनाओं को बढ़ावा मिला। रिपोर्ट में कह कि भारत सरकार आधुनिक साइबर प्रोग्राम तैयार कर रही है।

### अखिलेश का पीडीए छलावा, दंगाइयों-अपराधियों का गठबंधन

- यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी उपचुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने अखिलेश यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा- अखिलेश का 'पीडीए' असल में एक छलावा है- यह 'पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक' का नहीं, बल्कि 'परिवारवाद-दंगाई-अपराधी' का गठबंधन है।वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे पर हमला बोला। उन्होंने कहा- 'नकारात्मक-नारा' निराशा-नाकामी का प्रतीक है। नारे ने साबित कर दिया कि उनके जो गिनती के 10




फीसदी मतदाता बचे हैं। अब वो भी खिसकने के कगार पर हैं। देश के इतिहास में ये नारा 'निकृष्टतम-नारे' के रूप में दर्ज होगा। उनके राजनीतिक पतन की आखिरी 'शाब्दिक कील-सा' साबित होगा। एक सलाह है कि 'पालें तो अच्छे विचार पालें' और आस्तीनों को खुला रखें, साथ ही बांहों को भी।इधर एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने मुरादाबाद में कहा- कुछ लोग कुंदरकी पर दशकों से फन फैलाकर बैठे हैं। ये काले अंग्रेज हैं। दावा करते हैं कि कुंदरकी इनके खानदान की विरासत है। मगर कुंदरकी किसी के बाप की जागीर नहीं है। मैं फिलिस्तीन का फॉलोअर हूं। जिस तरह फिलिस्तीन के लोग 1 साल से रोटी और नींद के इजराइल से लड़ रहे हैं, ठीक वैसे ही इस चुनाव में लड़ना होगा।

### कांग्रेस खटाखट करती रही लोगों को एक रुपया नहीं दिया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने फ्रीबीज के मुद्दे को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर

- शिंदे बोले-हमने पटापट पैसे डाले,कठपुतली नहीं हूं

निशाना साधा है। उन्होंने कहा-कुछ लोग खटाखट खटाखट करते रह गए, लेकिन उन्होंने एक भी रुपया नहीं दिया।हमारी सरकार पटापट पटापट पैसे डालती है।न्यूज एजेंसी को शनिवार को दिए इंटरव्यू में शिंदे ने कहा- मेरी लाडली बहना से पूछिए कि क्या उन्हें 1500 रुपये से फायदा हो रहा है।मैं एक गरीब किसान परिवार से हूं।



### श्रीनगर में उस घर को ही उड़ाया जहां छिपे थे आतंकी, तीन ढेर

- जम्मू-कश्मीर में सेना का बड़ा वार, 36 घंटे में तीन एनकाउंटर से डरे आतंकी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर में पिछले 36 घंटे में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हुए। इनमें 4 जवान घायल हो गए और 3 आतंकी मारे गए। श्रीनगर के खान्यार में एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया है। इसमें एक आतंकी मारा गया। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। श्रीनगर में 2 सीआरपीएफ जवान और 2 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। 15 सितंबर 2022 के बाद यह पहली आतंकी वारदात है। तब एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए थे। उधर, बांदीपोरा में एनकाउंटर जारी है। वहीं अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। शांगुस लार्नू के जंगल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर शुरू हुआ था। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी थी। तीनों जगहों पर सर्च ऑपरेशन जारी है। इससे पहले शुक्रवार रात को बडगाम में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों पर हमला किया था। इसमें क्क्के दो लोग घायल हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया,जैसे ही सुरक्षा बल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी फायरिंग की। श्रीनगर शहर के पुराने शहर के बीचो-बीच यह मुठभेड़ हुई।

# कांग्रेस को अब समझ आया झूठे वादे आसान नहीं

**खड़गे ने कहा था-वादे वो करो,जो पूरा कर सको,नहीं तो बदनामी होती है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मल्लिकार्जुन खड़गे के चुनावी वादों पर दिए बयान पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पलटवार किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- कांग्रेस को यह बात अब समझ में आ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना मुश्किल या नामुमकिन है। दरअसल 31 अक्टूबर को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि, हमें वो वादे करने चाहिए, जो पूरे किए जा सके। नहीं तो आने वाली पीढ़ी के पास बदनामी के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

मोदी ने लिखा- कांग्रेस शासित राज्यों में स्थिति बदतर पीएम ने लिखा- कांग्रेस लगातार प्रचार अभियान चलाकर लोगों से वादे करती रहती है, जिन्हें वे कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। अब वे लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। आज कांग्रेस की सरकार वाले किसी भी राज्य को देख लीजिए - हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना - विकास की गति और वित्तीय सेहत बद से बदतर होती जा रही है। उनकी तथाकथित गारंटी अधूरी पड़ी है, जो इन राज्यों के लोगों के साथ एक भयानक धोखा है। ऐसी राजनीति का शिकार गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं, जिन्हें न केवल इन वादों का लाभ नहीं मिल रहा है, बल्कि उनकी मौजूदा योजनाएं भी कमजोर होती जा रही हैं। पीएम ने आगे लिखा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी विकास करने



की बजाय पार्टी की अंदरूनी राजनीति और लूट में व्यस्त है। इतना ही नहीं, वे मौजूदा योजनाओं को भी वापस लेने जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता। तेलंगाना में किसान अपने वादे के मुताबिक कर्जमाफी का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उन्होंने कुछ ऐसे भत्ते देने का वादा किया था जो पांच साल तक लागू नहीं किए गए। कांग्रेस किस तरह काम करती है, इसके कई उदाहरण हैं। खड़गे का जवाब- बीजेपी में बी का अर्थ विश्वासघात, जबकि जे का अर्थ जुमला। खड़गे ने पीएम के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि झूठ, छल, कपट, लूट और प्रचार ऐसे नाम हैं, जो आपकी सरकार के बारे में बताते हैं। खड़गे ने लिखा कि 16 मई, 2024 को आपने यह भी दावा किया था कि आपने 2047 का रोडमैप तैयार कर लिया है।

### शाइना एनसी को इम्पोर्टेड माल कहने पर सावंत ने मांगी माफी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मुंबा देवी सीट से शिवसेना उम्मीदवार शाइना एनसी को इम्पोर्टेड माल कहने वाले शिवसेना यूबीटी गुट के अरविंद सावंत ने माफी मांग ली है। सावंत ने कहा है कि उनका कभी किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। सावंत के शाइना एनसी को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद बवाल मच गया था और शाइना ने उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई थी। सावंत ने मीडिया से बात करते हुए कहा,पिछले एक दिन से ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि मैंने एक महिला का अपमान किया है, जोकि मैंने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं किया। मुझे जानबूझकर अलग अर्थ देकर निशाना बनाया जा रहा है।

**सपा का पलटवार, पोस्टरों के जरिए यूपी को साधने की है तैयारी, संघ और पीएम मोदी योगी के साथ**

## 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान पर उफान पर यूपी की सियासत

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों पोस्टर वार देखने को मिल रहा है। जिसके जरिए यूपी की राजनीति को साधने की कोशिश की जा रही है। समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर से पोस्टर जारी किया है। इसमें उन्होंने 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' का नाम दिया है। समाजवादी पार्टी के इस पोस्टर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो काटेंगे' बयान पर पलटवार के रूप में देखा जा रहा है। अखिलेश यादव के 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे' के पोस्टरों को राजधानी लखनऊ की सड़कों पर लगाया गया है। बता दें, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों आगरा की




जनसभा में 'बंटेंगे तो काटेंगे' का नारा दिया था। इसके बाद विपक्ष ने सीएम योगी के इस नारे की जमकर आलोचना की तो वहीं मथुरा की बैठक में आरएसएस ने सीएम योगी के इस बयान का समर्थन किया। वहीं दीवाली के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में एक जनसभा के दौरान कहा कि 'एक हैं तो सेफ हैं'। इसे भी बंटेंगे तो कटेंगे के विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। आरएसएस की मथुरा बैठक के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए वरिष्ठ आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि हिंदू एकता सभी की भलाई के लिए आवश्यक है।

**दूसरे सौदों पर भी गहराए संकट के बादल!**

## अमेरिका ने तेजस को लटकाया, भारत ने ठोका जुर्माना

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच लड़ाकू विमान और जेट के इंजन को लेकर डील खटाई में पड़ती दिख रही है। भारत ने स्वदेशी लड़ाकू विमान लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एलसीए1ए के लिए इंजन देने में विफल रहने के लिए अमेरिकी एयरो-इंजन निर्माता जीई एयरोस्पेस पर जुर्माना लगाया है। भारतीय वायुसेना को इस देरी से परेशानी हुई है क्योंकि एलसी तेजस इससे अधर में लटक गया है। वहीं रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में अमेरिका की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे हैं। अमेरिका से मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट पर भी भारत की बात मुश्किल दिख रही है। यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट कहती है कि भारत अमेरिकी लड़ाकू जेट का विकल्प चुनने से बचता रहा है, इसकी वजह लंबे समय से चल रहा अविश्वास है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय वायुसेना के बेड़े में अमेरिकी हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हुए लेकिन अभी तक अमेरिकी लड़ाकू जेट को शामिल नहीं किया है। फिलहाल भारत की अमेरिका से 114 मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) पर बात चल रही है। अमेरिकन कंपनी लॉकहीड मार्टिन एफ-16 का एडवांस वर्जन एफ-21 पेश कर रही है। बोइंग ने एम-18 ब्लॉक सुपर हॉर्नेट और वी-15 की पेशकश की है। इसके अलावा भारत के पास फ्रांसीसी राफेल और स्वीडिश एक्यू-39 ग्रिपेन का भी विकल्प है। वायुसेना को 126 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति के लिए मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के रूप में पिछली बार भारत ने फ्रांस के राफेल को चुना था। भारत फाइटर जेट स्क्वाड्रन की कमी से जूझ रहा है। भारत के पास केवल 31 फाइटर जेट स्क्वाड्रन हैं, जबकि 42 स्क्वाड्रन होने चाहिए।



सरकार ने 114 मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट के लिए एयरफोर्स की आवश्यकता को माना है। भारत इन जेट्स की खरीदारी को लेकर उत्सुक है लेकिन चीजें फाइनल होती नहीं दिख रही हैं। भारत को अमेरिका से एयरक्राफ्ट मिलने पर अभी कुछ तय नहीं है। अगस्त 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने अमेरिकन कंपनी जीई के साथ सौदा किया था। 2023 में दोनों देशों ने 98 किलो-न्यूटन थ्रस्ट एम-414 इंजन बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो एलसीए तेजस को मजबूत करेंगे। जीई एयरो-इंजन के लिए सौदे को दोनों देशों के बीच साझेदारी में एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा गया था। हालांकि अब इसको दो साल हो गए हैं और अभी तक एक भी इंजन भारत को नहीं मिल सका है। भारत और अमेरिका के हथियार डील का इतिहास अच्छा नहीं रहा है। भारत ने 1962 में चीन से लड़ाई के दौरान पहली बार लड़ाकू विमानों के लिए अमेरिका से संपर्क किया था लेकिन उसे विमान नहीं मिले। इसके बाद अमेरिका में 1965 में पाकिस्तान को जेट देकर मदद की। वहीं भारत ने 1962 के बाद रूस से हथियार खरीदने शुरू किए, जो सिलसिला आज तक जारी है।

## रूस और ईरान की दोस्ती से डरे इजरायल और अमेरिका!

**मॉस्को के प्लान से और ताकतवर होगा शिया समुदाय का मुल्क**



**यरुशलम (एजेंसी)।** रूस लंबे समय से मध्य पूर्व की घटनाओं से खुद रखने का प्रयास करता रहा है, लेकिन 7 अक्टूबर के बाद बनी नई स्थिति इसे पहले से कहीं अधिक कठिन बना दिया है। ईरान के साथ रूस के बढ़ते रक्षा संबंधों ने इसे और पेचीदा बना दिया है। साल 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और ईरान के रक्षा संबंध बड़ी छलांग लगा चुके हैं। यूक्रेन पर हमले ने मॉस्को को ईरान के साथ सैन्य साझेदारी को प्रेरित किया है, लेकिन ये दोस्ती अब अमेरिका और इजरायल के लिए गंभीर चिंता की वजह बन चुकी है। रूस न केवल ईरान को अपनी सुरक्षा मजबूत करने में सहायता दे रहा है, बल्कि वह तेहरान से ड्रोन और मिसाइल जैसे उच्च तकनीक वाले हथियारों की खरीद कर उसे धन भी मुहैया कर रहा है, जिससे कट्टर शिया मुल्क को क्षेत्र में अपने प्रॉक्सी के जरिए हिंसा फैलाने में मदद मिल रही है। ईरान ने ड्रोन इंडस्ट्री में काफी तरक्की की है। उसने रूस को यूक्रेन पर हमले के लिए बड़ी संख्या में यूएवी दिए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 10 सितम्बर को कहा कि ईरान ने अब रूस को फतह 360 मिसाइलें दी हैं और संभवतः कुछ हफ्तों के भीतर यूरोप में यूक्रेन के खिलाफ उनका उपयोग करेगा। ब्लिंकन ने जोर देकर कहा कि ये मिसाइलें यूरोपीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं और संभवतः कम दूरी के लक्ष्यों के खिलाफ दागी जाएंगी।



## मथुरा में गोवर्धन पूजा की धूम, उमड़ा भक्तों का सैलाब

- विदेश से आए भक्तों का ढोल-नगाड़ों पर डांस
- 3 लाख श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा,गिरिराज जी को चढ़ाए व्यंजन

**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा में गोवर्धन पूजा पर भक्तों का सैलाब उमड़ा है। श्रद्धालु गोवर्धन पर्वत की 21 किलोमीटर की परिक्रमा कर रहे हैं। अब तक 3 लाख श्रद्धालु परिक्रमा कर चुके हैं। शाम तक 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। भारत के अलग-अलग राज्यों सहित विदेश से भी भक्त पहुंचे हैं। ढोल-नगाड़ों पर डांस रहे हैं। गिरिराज जी को 1008 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया



गया। इस पर्व पर लोग घरों में भी गाय के गोबर से गिरिराज जी को बनाकर पूजा किया। इसके साथ ही नए अनाज से बने कई तरह के पकवान बनाकर उनको भोग लगाते हैं। जिसे अन्नकूट कहते हैं। इस दौरान भक्त गिरिराज जी की में तो गोवर्धन कु जाऊं मेरे पीर नाय माने मेरो मनवा गीत गाकर आराधना कर रहे हैं। सुबह गोवर्धन नाथ का दूध से अभिषेक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अंजलि कुमारी सिंह को रजत पदक जीतने पर मंत्री सारंग ने दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी की उभरती हुई खिलाड़ी अंजलि कुमारी सिंह ने अमेरिका के कोलोराडो में आयोजित -19 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। सेमीफाइनल में अंजलि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओकायामा सकुरा को 5-0 के अंतर से मात दी, जिससे उन्होंने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में अंजलि का सामना इंग्लैंड की तियाह-माई एयटन से हुआ। इस कड़े मुकाबले में इंग्लैंड की खिलाड़ी के खिलाफ संघर्ष के बावजूद अंजलि को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि, उनकी इस उपलब्धि से पूरा प्रदेश गौरवान्वित है। उनकी मेहनत और समर्पण ने देश का मान बढ़ाया है। अंजलि की इस ऐतिहासिक सफलता पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अंजलि ने अपने अथक परिश्रम और संकल्प से यह गौरवमयी उपलब्धि हासिल की है। उनकी मेहनत और लगन से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिलेगी। अंजलि पर हमें गर्व है और आशा करते हैं कि भविष्य में वह और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी। राज्य बॉक्सिंग अकादमी की खिलाड़ी अंजलि कुमारी सिंह, प्रशिक्षक रोशन लाल के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनके कोच रोशन लाल, उनके परिवार, साथी खिलाड़ियों और अकादमी के सभी सदस्यों ने अंजलि की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है।

### राज्यपाल पटेल ने प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएँ एवं बधाई दी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। श्री पटेल ने कहा है कि गोवर्धन पूजा का पर्व धार्मिक महत्ता के साथ ही हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक भी है। गोवर्धन पूजा का आयोजन भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के सम्मान में किया जाता है, जो हमें सिखाता है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और श्रद्धा होनी चाहिए। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने नागरिकों का आहवान किया है कि गोवर्धन पूजा के पावन प्रसंग पर हम सब मिलकर पर्यावरण-संरक्षण का संकल्प लें। प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करते हुए, अपने आसपास की हरियाली को बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा का यह प्रयास हमारी संस्कृति को सहेजने में मदद करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण भी तैयार करेगा।

### राज्य स्तरीय नारी सम्मान एवं समाज सेवा पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** महिला, बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों के लिये व्यक्तिगत, संस्थागत श्रेणी में 6 राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कार दिये जाते हैं। वर्ष 2024 के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि के पहले जमा किया जा सकता है। महिला और बच्चों को उत्पीड़न से बचाने, उनके पुनर्वास में योगदान, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरितियों को रोकने का साहसिक कार्य करने वाली मध्यप्रदेश की महिला, बालिका को रानी अवंतीबाई वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये की राशि प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2024 निर्धारित है। इन पुरस्कारों के नाम की घोषणा फरवरी माह में की जाएगी, 8 मार्च महिला दिवस पर इन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। महिलाओं से संबंधित समाज सुधार स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता, पर्यावरण स्थिति में सुधार, आर्थिक गतिविधियों के संचालन, अधिकारों के प्रति जागृति, सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रमाणित कार्य करने वाली मध्यप्रदेश की महिलाओं को राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये की राशि, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। महिलाओं से संबंधित समाज सुधार स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता, पर्यावरण स्थिति में सुधार, आर्थिक गतिविधियों के संचालन, अधिकारों के प्रति जागृति, सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रमाणित कार्य किया हो, ऐसे व्यक्ति, संस्था को विष्णु कुमार समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये की राशि, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। ऐसी घटना जिसमें किसी महिला द्वारा आपराधिक या असामाजिक तत्वों के विरूद्ध साहस का प्रदर्शन कर स्वयं का अथवा अन्य किसी महिला की सुरक्षा एवं बचाव के लिये अवर्णनीय साहसिक कार्य किया हो।

# केवी मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क शुरू होगी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के केंद्रीय स्कूल मेट्रो स्टेशन के नीचे एक तरफ की सड़क 2 से 3 दिन में शुरू हो सकती है। वहीं, डीआरएम तिराहे का लेफ्ट टर्न भी क्लियर हो जाएगा, जिससे एम्स, साकेतनगर, अमराई, बाग सेवनिया जैसे 100 से अधिक बड़े आवासीय इलाकों के लोगों को फायदा होगा।



केंद्रीय स्कूल के नीचे का रास्ता सवा साल से बंद है। एक ही लेन से राहगीर एमपी नगर से सुभाषनगर की ओर आना-जाना कर रहे हैं। पीक आवर्स के दौरान जाम की स्थिति भी बन जाती है, लेकिन आने वाले दिनों में उन्हें जाम से बड़ी राहत मिल जाएगी। मेट्रो ने दूसरी लेन की सड़क भी बना दी है। करीब 8 महीने से बंद डीआरएम तिराहे की सड़क अक्टूबर में ही खोली गई है। इससे होशंगाबाद रोड से एमपी नगर की ओर आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिली है। वहीं, उन इलाकों के लोग भी सुकून महसूस कर रहे हैं, जहां से ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था। मेट्रो अब डीआरएम तिराहे के लेफ्ट टर्न को खोलने की तैयारी कर रहा है। दरअसल, यहीं पर मेट्रो स्टेशन बन रहा है। इस वजह से दोनों तरफ की सड़क बंद है।

इनमें से एक तरफ की सड़क को एक-दो सप्ताह के अंदर खोला जा सकता है।डीआरएम मेट्रो स्टेशन के नीचे एक तरफ की सड़क खुलने से एम्स, साकेतनगर, अमराई, बाग सेवनिया, पिपलिया पेंदे खां, शक्तिनगर, बीडीए, अवधपुरी, अलकापुरी, लहारपुर समेत कई इलाकों के लोगों को राहत मिलेगी। अभी उन्हें वीर सावरकर ब्रिज या अवधपुरी, भेल इलाके से घूमकर जाना पड़ रहा है। रास्ता खुलने से 2 से 4 किलोमीटर का फेरा बच सकता है। केंद्रीय स्कूल और अलकापुरी स्टेशन के नीचे के रास्ते खोले जाने के बाद आरकेएमपी-एमपी नगर के रास्ते भी खोले जा सकते हैं। यहां भी सड़क का निर्माण चल रहा है।

# भोपाल में गोवरधन पूजा के दिन पाड़ों की लड़ाई



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के नरेला शंकरी मैदान में शनिवार दोपहर गोवरधन पूजा के दिन पाड़ों की लड़ाई कराई गई। पशु प्रेमियों ने मामले की शिकायत डीसीपी संजय अग्रवाल से कर दी है। इसके बाद एक्शन में आई अयोध्या नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पशु प्रेमियों ने पाड़ों की लड़ाई कराने को गैर कानूनी बताया है। पशुओं को लड़ाने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अयोध्या नगर के नरेला शंकरी मैदान में शनिवार दोपहर पाड़ों को जबरन लड़ाने की जानकारी मिली थी। इस पर तत्काल डीसीपी संजय अग्रवाल को इसकी सूचना दी। बताया जा रहा है कि शिकायत के बाद आयोजन को समाप्त कर दिया गया। लड़ाई में एक पाड़े को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# समग्र आईडी के लिए आधार ई-केवायसी अनिवार्य


**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा।

जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा समग्र पोर्टल पर नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है। हितग्राही और आवेदक को अपने बैंक खाता नंबर आधार से लिंक कराने और खाता डीबीटी सक्रिय कराने के लिए जागरूक करें।

# समर्थकों के चक्कर में भिड़े दो भाजपा विधायक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सरकार के स्वागत में जुटे सत्ताधारी दल के दो विधायक आपस में ही उलझ गए। मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करने पहुंचे सरकार का हेलीपैड पर स्वागत करने आए नेताओं की एंट्री को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। लोकल एमएलए ने पड़ोसी सीट के विधायक जो पहले मंत्री रह चुके हैंज्से कहा आपके इलाके तक ठीक है, लेकिन यहां इंटरफेयर क्यों? ये सुनकर दूसरे विधायकजी बोले- आप मेरे से प्रेम से बात करना। इतना सुनते ही लोकल एमएलए ने भी कह दिया आप मुझसे भी प्रेम से बात करना। ये सुनकर एक्स मिनिस्टर साहब ने कह दिया- मैं बात ही नहीं करूंगा। कोरोना संकट से उबरने के बाद बीजेपी ने सदस्यता अभियान चलाया



और अब संगठन के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र में भी बूथ समितियों से लेकर मंडल, जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है। कई नेता ऐसे हैं जो लंबे समय से निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोगों में एडजस्ट होने के लिए जुगत लगा रहे थे, लेकिन प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन के बाद कई नेताओं को अब भविष्य की चिंता सताने लगी है। ऐसे में अब वे मंत्री का दर्जा पाने से पहले जिले का मुखिया बनने का दांव भी खेलने की तैयारी कर रहे हैं। दो नावों की सवारी करने वाले दर्जन भर नेता भोपाल के चक्कर काट रहे हैं। सूबे की सरकार के आवास का द्वार नए तौर तरीके से बनाया जा रहा है। सरकार के यहां पहुंचने वाले माननीय आगंतुकों (विजिटर्स) को अब सुरक्षा जांच होने और अंदर से एंट्री की कन्फर्मेशन मिलने तक गाड़ी में बैठकर या बाहर खड़े रहकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार के घर के द्वार पर एक वेटिंग रूम बनाया जा रहा है, इसमें आगंतुकों के बैठने के लिए सोफा, टॉयलेट और पेयजल की व्यवस्था होगी। एंट्री गेट पर बैगेज स्कैनर, सीसीटीवी कैमरा सहित सुरक्षा जांच के तमाम संसाधन और बैरियर लगाया जाएगा।

सरकार के द्वार पर तैनात सुरक्षा जवानों को हर मौसम में आसानी से ड्यूटी करने के लिए एक कैनोपी भी बनाई जाएगी ताकि जवान बारिश, सर्दी और गर्मी में बिना परेशानी के अपनी ड्यूटी निभा सकें। विधानसभा चुनाव के दौरान सीनियरिटी क्रम में मुख्य सचिव बनने के बाद छह माह का एक्सटेंशन पाने वाली वीरा राणा का पुनर्वास आदेश अटक गया है।

# नवंबर के दूसरे हफ्ते एमपी में बढ़ेगी ठंड

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में नवंबर के दूसरे हफ्ते सर्दी बढ़ेगी। उत्तरी हवाओं के असर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और दूसरे शहरों में रात के टेम्प्रेचर में गिरावट आएगी। नवंबर के पहले दिन पचमढ़ी सबसे सर्द रहा। यहां सीजन में पहली बार रात का टेम्प्रेचर 12.6 डिग्री पहुंच गया। उज्जैन, मंडला समेत 25 से ज्यादा शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे ही रहा। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट होने लगती है। खासकर रातें ज्यादा सर्द हो जाती हैं। दूसरे सप्ताह में हवाओं का असर तेज होगा। इससे पारे में गिरावट आएगी। हालांकि, दिन में पारा 30 डिग्री के आसपास ही बना रहेगा। दिवाली की रात (गुरुवार-शुक्रवार) पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में 15.6 डिग्री, मलाजखंड में 16.1 डिग्री, बैतूल में 16.5 डिग्री, राजगढ़ में 17.4 डिग्री, रीवा-रायसेन में 17.5 डिग्री, उमरिया में 17.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 18 डिग्री, टीकमगढ़ में 18.2 डिग्री, भोपाल-खंडवा में 18.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। खरगोन में 18.6 डिग्री, ग्वालियर-नर्मदापुरम में 18.8 डिग्री, जबलपुर, नौगांव, सिवनी-उज्जैन में 19 डिग्री, गुना-इंदौर में 19.4 डिग्री, खजुराहो-रतलाम में 19.5 डिग्री और धार-नर्मदापुरम में 19.8 डिग्री पहुंच गया। दक्षिण-पश्चिम मानसून के समाप्त होने के बाद मौसम सामान्यत: शांत होता है, लेकिन आसमान बादलों से घिरा रहता है। अक्टूबर की तरह उमस महसूस नहीं होती है। रात के पारे में गिरावट आने लगती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से ग्वालियर, चंबल, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत कई संभागों में हल्की बारिश हो जाती है।

# डिंडोरी अस्पताल की घटना में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा- जांच के बाद होगी कड़ी कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, रीवा/डिंडोरी।** डिंडोरी जिले के गाड़सराई थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में इलाज के दौरान पति की मौत के बाद गर्भवति महिला से बेड में लगे ब्लड साफ करवाने का वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व चिकित्सा स्वास्थ शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रतिक्रिया दी है उन्होने ने कहा की मामला संज्ञान में आने के बाद शासन ने कड़ी कार्रवाई की है जांच की जा रही है रिपोर्ट आने के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल डिंडोरी जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था. वायरल वीडियो में एक गर्भवति महिला अस्पताल का बेड साफ करते हुए दिखाई दे रही थी. आरोप था की स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों ने मृतक की गर्भवती पत्नी से अस्पताल के बेड पर लगे ब्लड को साफ करवाया गया था. बता दें कि दिवाली की रात डिंडोरी में जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार के बीच खूनी संघर्ष हुआ था वारदात में दूसरे पक्ष के लोगो ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमे पिता सहित दो पुत्रों की मौत हो गई थी।

बता दें की डिंडोरी जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र में दीपावली के दिन परिवार के ही लोगो पर एक बुजुर्ग और उसके दो बेटों की बेरहमी से हत्या करने के आरोप लगे थे मामला पुश्तैनी जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ था. दरअसल 65 वर्षीय धर्म सिंह और उनके परिवार के सदस्य कवल सिंह के बीच कई सालो से जमीनी मसले पर विवाद चल रहा था. कई साल के मुकदमे के बाद फैसला धर्म सिंह के पक्ष में आया था. धर्म सिंह ने विवादित खेत में धान की फसल लगाई हुई थी लेकिन इसी बीच कवल सिंह अपने परिवार के लोगों के साथ फसल को काटने के लिए पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक धर्म सिंह फसल काट रहे लोगों का वीडियो बना रहा था. दोनो परिवारों के बीच देखते ही देखते धीरे-धीरे विवाद खड़ा हो गया इसी दौरान कवल सिंह के घर वालो ने धर्म सिंह और उनके 2 लड़कों की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. घायल हालत में तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. पिता सहित एक पुत्र की पहले ही मौत हो गई थी जबकि दूसरे बेटे शिवराज सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया था

इस दौरान मृतक धर्म सिंह मृतक के पुत्र मृतक शिवराज सिंह की गर्भवति पत्नी भी अस्पताल में उपस्थिति थी. आरोप है की मृतक शिवराज की बॉडी जब अस्पताल के बेड से हटाई गई, तब बेड पर शिवराज का ब्लड लग गया मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने पीड़ितों की मदद करने की बजाय शिवराज की गर्भवति पत्नी से ही अस्पताल के बेड पर पड़ा हुआ खून साफ करवाया गया। वीडियो वायरल होने के बाद मामले में प्रथमिक स्वास्थ केंद्र के डॉ. चंद्रशेखर टेकाम ने ने बयान दिया था उनका कहना था की महिला से अस्पताल की बेड साफ नही करवाए गया था मृतक शिवराज सिंह के खून से सने हुए कपड़े को सबूत के तौर पर दिए जा रहे थे. अब अब अस्पताल प्रबन्धन की सफाई और मृतक की गर्भवति पत्नि का वायरल वीडियो अलग ही कहानी बयां कर रही है जांच के बाद ही सही कारणों का पता लग पाएगा.

पूरे मामले पर मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व चिकित्सा स्वास्थ शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है उन्होने कहा की घटना का वीडियो संज्ञान में आया है शासन ने गंभीरता के साथ कड़ी कार्रवाई की है मामले की जांच की जा रही है रिपोर्ट आने के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 12 साल में डेवलप नहीं कर पाए इंडस्ट्रियल एरिया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में ब्यूरोक्रेसी सरकार के फैसलों को अमल में लाने को लेकर कितनी गंभीर है, इसका ताजा मामला देवास जिले के कालूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र के रूप में सामने आया है। राज्य सरकार ने 12 साल पहले लिए गए एक फैसले में इस गांव को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया था, लेकिन इतने सालों में यहां कोई सुविधा विकसित नहीं की जा सकी। अब सरकार ने इस गांव में 47.46 एकड़ जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र का प्रस्ताव रद्द कर दिया है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पिछले सात महीनों से क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का आयोजन कर छोटे-बड़े उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेश को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग



(एमएसएमई) विभाग द्वारा उज्जैन संभाग के देवास जिले के कालूखेड़ी को औद्योगिक क्षेत्र बनाने का आदेश 17 जनवरी 2012 को जारी किया गया था। इस आदेश में इस गांव की 19.01 हेक्टेयर (47.46 एकड़) जमीन पर एमएसएमई उद्योगों के लिए व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए थे। हालांकि, कालूखेड़ी को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किए जाने के बावजूद भूमि का विकास नहीं किया गया, और न ही औद्योगिक क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य किए गए। इसके कारण उद्योगों के लिए जमीन आवंटित नहीं हो सकी। इसे देखते हुए एमएसएमई विभाग के उप सचिव ने कालूखेड़ी को औद्योगिक क्षेत्र बनाने की अधिसूचना को डिनोटिफाई कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पिछले सात महीनों से रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से रोजगार और निवेश बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जहां लैंडबैंक नहीं है, वहां सीएम के निर्देश पर लैंडबैंक बनाने की कार्रवाई भी की जा रही है। उज्जैन में इसी के तहत तेजी से भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। 1 और 2 मार्च को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने के बाद, सीएम यादव 20 जुलाई को जबलपुर और फिर 20 अगस्त को ग्वालियर, वहीं 26 सितंबर को सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कर चुके हैं।

उधर, उज्जैन संभाग में उज्जैन-देवास मार्ग पर उज्जैन से लगभग 14 किमी और देवास से 18 किमी दूरी पर उद्योगपुरी का विकास हो रहा है, जिसके लिए अलग से जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। नरवर गांव के पास बने औद्योगिक क्षेत्र में पहले से 458 हेक्टेयर जमीन है, और अब इसके आस-पास के गांवों में इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट के लिए भूमि अधिग्रहित की जा रही है।

# गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अभिनव पहल म.प्र. स्थापना दिवस तथा जिला स्तरीय गोवर्धन पूजन कार्यक्रम सम्पन्न

## धर्म, प्रकृति और संस्कृति को साथ लेकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है अपना मध्यप्रदेश : विधायक








**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** गौ संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अभिनव पहल करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले की गौशालाओं में गोवर्धन पूजन तथा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह की अध्यक्षता में कामधेनु गौशाला नेबूहा पश्चिम में किया गया। विधायक पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से गोवर्धन पूजन किया गया। साथ ही गौ-माता का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया

इस अवसर पर विधायक पाठक द्वारा जिलेवासियों को म.प्र. के स्थापना दिवस तथा गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि धर्म, प्रकृति और संस्कृति को साथ लेकर अपना मध्यप्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में हमारा प्रदेश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज म.प्र. बीमारू राज्य नहीं बल्कि एक समृद्धशाली और अद्भुत प्रदेश है तथा स्वर्णिम म.प्र. की ओर आगे बढ़ रहा है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आमजनों के जीवन में उन्नति लाने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सभी को पक्का आवास, नल से शुद्ध पेयजल, रसोई में गैस चूल्हा, 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार, बिजली, रोड, सिंचाई आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन कर उद्योगों का प्रोत्साहित किया जा रहा। हमारा युवा, हमारी बहनें आत्मनिर्भर और सशक्त बने इस दिशा में प्रयास हो रहें हैं।

विधायक ने कहा कि प्रदेश में गोवर्धन पूजन का आयोजन गौ संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अभिनव पहल है। यह हमें प्रकृति के साथ जोड़ने का प्रयास है। यदि हम प्रकृति का सम्मान और सुरक्षा करेंगे तभी हमारा जीवन और भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने गौवंश की सुरक्षा के लिए नागरिकों से सहभागिता का आह्वान किया। विधायक ने स्वस्थ, सक्षम एवं सशक्त म.प्र. बनने की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है। मध्यप्रदेश का निवासी होने पर गर्व है। उन्होने प्रदेश के विकास में सहभागी बनने तथा अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करने का संकल्प दिलाया।

जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने सभी को दीपावली तथा गोवर्धन पूजन की शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि इस प्रकृति ने हमें बनाया है। प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है। तभी हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होने कहा कि हमारे प्रत्येक तिथि त्यौहारों में प्रकृति के संरक्षण का संदेश छुपा रहता है। हमें उन्हे परम्परागत ढंग से मनाना चाहिए तथा उसके संदेश को आत्मसात कर प्रकृति के संवर्धन की दिशा में प्रयास करना चाहिए।

जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने गौवर्धन पूजन से जुड़ी पौराणिक कथा के माध्यम से उसके महात्म्य का वर्णन किया। उन्होने कहा कि गौशालाओं का सुचारू संचालन सरकार की प्राथमिकता है, इसमें जिलेवासी भी अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि हमारा प्रदेश प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है। इसका एक गौरवशाली इतिहास है। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करना चाहिए तथा इसे सहेजने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि गौवंश के लिए संचालित योजनाओं का बेहतर संचालन कर उत्तम व्यवस्थाओं के प्रयास किए जा रहें हैं।

कार्यक्रम में म.प्र. गान का गायन किया गया। गांधी ग्राम के हंसराज बैगा के दल द्वारा सैला नृत्य तथा ग्राम डोल कोठार के लोककलाकारों द्वारा कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विधायक सीधी ने लोक संस्कृति के संरक्षक के रूप में लोक कलाकारों को 10 हजार रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर गौसेवकों को शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, सरपंच सुशीला भूर्तिया, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग एस के सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, विश्वबंधुधर द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, विक्रम सिंह, पुजेरीलाल मिश्रा, विनोद साकेत सहित जनप्रतिनिधिगण, विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

---

## सुरेन्द्र शुक्ला पंचतत्व में हुए विलीन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सुरेंद्र प्रसाद शुक्ला उर्फ राजा बाबू सेवानिवृत्ति जिला न्यायालय सीधी उपचार के दौरान 30 अक्टूबर 24 बुधवार को अकास्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम थनहवा टोला, वार्ड क्रमांक 19 सीधी में किया गया। सुरेन्द्र प्रसाद के अनुज तत्कालीन विधायक पं.केदार नाथ शुक्ल ने बताया कि परिवार के मुखिया का यूँ अचानक जाना परिवार के लिये अपूर्णनीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में होना संभव नही है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ का स्वर्गलोक चले गयें। सुरेन्द्र प्रसाद के बड़े बेटे भाजपा नेता एवं अधिवक्ता संघ जिला न्यायालय सीधी के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला एवं छोटे बेटे पत्रकार सूरज शुक्ला सहित नाती पोतों को छोड़ कर हमेशा हमेशा के लिये अलविदा कह गयें। स्वर्गीय सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ला का पूरा जीवन परोपकार एवं समाजहित के लिये समर्पित रहा है। उक्त खबर से चाहने वालों के बीच एवं जिले में शोक की लहर व्याप्त है।

## बॉक्सिंग संघ के खिलाड़ियों के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुये सांसद




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला बॉक्सिंग संघ और कराते संघ के तत्वाधान में मानस भवन के प्रांगण में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीधी सिंगरौली सांसद डॉ राजेश मिश्रा उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के द्वारा माता लक्ष्मी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रोंचारण किया गया। इसके उपरांत बॉक्सिंग और कराते के खेल सामग्री के ऊपर तिलक चंदन और पुष्प अर्पित किया गया। उसके बाद दिए जलाए गए और सभी बॉक्सिंग खिलाड़ियों का मुंह मीठा कराया गया और सांसद के द्वारा सभी खिलाड़ियों को दीपावली त्यौहार की बधाईयां दी गई और खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। दीपोत्सव कार्यर म में माखन मिश्रा सचिव बॉक्सिंग कराते, सुनील सोधिया बॉक्सिंग सह सचिव, संध्या मिश्रा बॉक्सिंग कोषाध्यक्ष, बॉक्सिंग सदस्य योग्य सेन गुप्ता, सूबेदार आर्मी रिटायर, श्रीमान पांडे सूबेदार आर्मी रिटायर, प्रकाश प्रजापति, अशोक गुप्ता, प्रभात चौबे, शुभम केवट, समृद्धि चौबे, दीपक सिंह, मोहम्मद आर्यन, रवि मिश्रा, जीतू सिंह आदि उपस्थित रहें।

---

## बहरी पुलिस ने 2 नशा विक्रेताओं को धर दबोचा, 96 हजार रुपये की बनाई जप्ती



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** बहरी पुलिस ने 1 नवम्बर शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली की कि एक मोटरसाइकल एमपी 53 जेडडी 4051 मे दो व्यक्ति एक अदद बोरी मे ओनरेक्स कफ सिरफ लेकर ग्राम सोनतीर डढिया, परसवार रोड़ मे खड़े हैं जो बिक्री करने हेतु ग्राहकों का इंतजार कर रहे है। थाना प्रभारी बहरी द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया जाकर उनके निर्देशन में एक टीम गठित कर रवाना किये जो टीम रवाना होकर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम सोनतीर डढिया परसवार रोड में मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर दो व्यक्तियो को मोटरसाइकल व एक अदद बोरी भरी सहित पकड़ा गया।

जिनसे नाम पता पूछा गया जो मोटरसाइकल मे बैठा व्यक्ति अपना नाम विकाश कुमार दीक्षित उर्फ मतलबी पिता विजय प्रसाद दीक्षित उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम डढिया थाना बहरी जिला सीधी एवं जमीन पर बैठा व्यक्ति अपना नाम राहुल पटेल पिता नकछेदी पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम राजघढ पोस्ट हिनौती थाना अमिलिया जिला सीधी का होना बताया।

उपरोक्त संदेहियो की तलासी ली गयी जो संदेही विकाश दीक्षित के पास एक मोबाईल फोन तथा संदेही राहुल पटेल के पास से एक नीले रंग का एन्ड्राइड मोबाइल फोन मिला साथ ही बरामद बोरी की तलासी ली गयी जिसमे बोरी के अन्दर पालीथीन तथा एक झोला के अंदर ओनरेक्स कफ सिरफ मिली जिसकी गिनती करायी गयी जिसमे कुल 85 शीशी ओनरेक्स कफ शिरफ कीमती 25 हजार 500 रुपये पायी गयी। संदेहियो से उक्त मादक पदार्थ के परिवहन तथा विक्रय के संबंध में वैध कागजात मांगा गया जो नही होना बताये।

आरोपीगणो का उक्त कृत्य धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम के तहत दण्डनीय पाये जाने से मौके से साक्षियों के समक्ष 85 शीशी आनरेक्स कफ सिरफ कीमती 25,500 रूपये तथा परिवहन में प्रयुक्त मो.सा. होंडा साइन कीमत 50,000, दो नग मोबाइल फोन कीमत 20,000 कुल अनुमानित कीमत 95,500 रूपये जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष्य पेश किया गया।

## जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी पहुंचे कलेक्टर, मरीज को किया फल वितरित



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज निप्र।** कलेक्टर अजय श्रीवास्तव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी पहुंचकर व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए मरीज सहित उनके परिजनों को फल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहां कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का कार्यक्रम 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक निरंतर चल रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसमें साफ सफाई रंगोली से लेकर अन्य विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज 2 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नईगढ़ी में मरीज सहित उनके परिजनों को फल का वितरण किया गया। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि हम सब मिलकर अच्छा कार्य करें। हमारा मऊगंज नया जिला बना है उसके विकास के लिए हम सब काम करें। कुछ कठिनाइयां भी होती है उसको मिल बैठ कर उसका समाधान खोजें और जिले के विकास में हम सब सहभागी बने। इस दौरान कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, एसडीएम बीके पांडेय सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 23 मुक्केबाज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जबलपुर में 7 नवंबर तक शालेय राज्य स्तरीय महिला पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता सुनियोतित है। जिसमें जिले के महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के 23 बालक बालिकाएं चयनित हुए हैं। संघ के सचिव राजकुमार गुप्ता एवं सह सचिव एवं मुख्य कोच सूरज शुक्ला ने जानकारी दी है कि हमारी एकेडमी द्वारा पिछले 12 वर्षों से सीधी जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से मेहनती बालक बालिकाओं की खोज कर उन्हें अत्याधुनिक कौशल एवं सुविधाएं दी गई एवं 550 से भी अधिक मुक्केबाजों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में एवं 25 मुक्केबाज राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए हैं। मुक्केबाजों ने राष्ट्रीय स्तर पर 15 एवं राज्य स्तर पर 440 मेडल प्राप्त किये। महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अनूप मिश्रा एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विश्वबंधुधर द्विवेदी ने जानकारी दी कि बॉक्सिंग एकेडमी के बच्चे काफी मेहनत कर एकेडमी एवं सीधी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यह अत्यंत गौरव की बात है। हमारा आशीर्वाद एवं सहयोग सदैव बच्चों के साथ है।

---

## दूसरो को खुशी बांटे, तभी मिलेगा परम आनन्द




**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** पूज्यपाद संत आशाराम बापू अहमदाबाद द्वारा संचालित श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि तय कार्यक्रम के अनुसार हर वर्ष दीपावली में दीपोत्सव मनाया गया। दीपावली के दिन सुबह 8 बशे आरती, भजन, कीर्तन के बाद, फल व मिठाई शहर के विभिन्न शगहों में निःशुल्क वितरण किया गया। पूज्यपाद संत आशाराम बापू शी का वीडियों द्वारा प्रसारित सत्संग।

सुबह नींद में से उठो तो थोड़ी देर शांत हो जाओ। नींद में से उठते हैं तो वैसे ही शांति रहती है। उसके बाद चिंतन करो कि शो सत्चित् है, आनंदस्वरूप है और मेरे हृदय में फुरफुरा रहा है, जो सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति और संहार का कारण है और मेरे शरीर की उत्पत्ति, स्थिति और लय का कारण है, उस सच्चिदानंद का मैं हूँ और वह मेरा है। ऊँ शांति, ऊँ शांति आनंद...।

## त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने घटेहा पंचायत के गौशाला में गोवर्धन पूजा



**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर निप्र।** त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने ग्राम पंचायत घटेहा में गोवर्धन पर्व के अवसर यहां स्थित गौशाला में विधि-विधान और मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की।इस अवसर उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा, धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि पर्यावरण-संरक्षण, कृषि और पशुधन के प्रति समाज की जिम्मेदारी का भी पर्व हैं। गोवर्धन पूजा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गौ वंश के प्रति श्रद्धा और कृषि से जुड़ी परंपराओं को बनाए रखने का संदेश भी जाता है। इससे स्थानीय समुदाय को एकजुट होकर अपनी परंपराओं को जीवित रखने की प्रेरणा मिलती है।

इसे दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गौवर्धन पूजा को वृहद पैमाने पर पूरे प्रदेश में सरकार की सहभागिता के साथ मनाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भी बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी माना गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ-माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। गौवंश सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय है। यह पर्व भारतीय जनमानस को उनकी जड़ों से जोड़े रखता है और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को प्रदर्शित करता है। यह हमारी संस्कृति और परंपरा के संवर्धन का प्रतीक भी है।

उन्होंने कहा कि त्यौंथर में जहां भी शासकीय भूमि उपलब्ध होगी वहां भर गौशाल का निर्माण आवश्यक रूप से कराया जाएगा ।

## राम जानकी मंदिर में अन्नकूट कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम गाड़ा में श्री राम जानकी मंदिर में विगत वर्षो की भांती इस वर्ष भी अनुकूट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर के गुरु भाइयों सहित शहर के श्रद्धालु नागरिकगण उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेते हुए भंडारा प्रसाद ग्रहण कियें। इस दौरान मंदिर के संरक्षक जगद्गुरु वल्लभाचार्य महाराज सहित अयोध्यावासी संत महात्मागण उपस्थित रहें। ज्ञात हो की अनुकूट कार्यक्रम में भगवान को 56 प्रकार के व्यंजन बनाकर भोग लगाया जाता है और बाद में प्रसाद के रूप में भक्तगणों, श्रद्धालुजनो को भंडारे में वितरण किया जाता है। इस प्रकार अन्नकूट के कार्यक्रम में भंडारे के प्रसाद का बड़ा ही महत्व है इसलिए अन्नकूट के कार्यक्रम मे श्रद्धालु भक्तजनों को आवश्यक रूप से भंडारा प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। उक्त कथन जगतगुरु वल्लभाचार्य महाराज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन के दौरान बताया गया।

## ग्राम पंचायत सरई गौशाला में भारी भ्रष्टाचार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** गंगेव ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सरई स्थित गौशाला में भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है की तीन से चार सौ गाय रखने की व्यवस्था है जिसमें से डेढ़ सौ से 200 गाय रखी गई है उनकी देख रेख के लिए कभी कोई नहीं जाता भूख प्यास से तड़पते मर जाती है पर कोई जिम्मेदार व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ी गाय को जीवित गायों के बीच से नहीं हटवाता। साफ सफाई का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है। क्या इन गायों के लिए कोई बजट नहीं आता या बजट को खुद कोई खा जाता है, क्या गाय के चारा भूसा तक को इंसान अपना निवाला बना रहा है वही इंसान क्या इतना संवेदनहीन होता जा रहा है बीजेपी शासन काल में जब गायों की इतनी दुर्गति विभिन्न गौ शालाओं में देखी जा रही है और जिम्मेदार लोगों की मूक सहमति प्रदान कर गाय तक के चारा को खाने वाले को कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं की जाती तो इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है ।

---

## श्यामा कामधेनु गौशाला परिसर तरका में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित

# गोवर्धन पूजा हमारी संस्कृति एवं पुरातन परम्परा : विधायक सिहावल








**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरका के श्यामा कामधेनु गौशाला परिसर में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंत्रोच्चारण पूजा अर्चना के साथ गोवर्धन पूजा संपन्न हुई। तत्पश्चात गौमाताओं की पूजा कर चारा एवं फल खिलाया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि सनातन काल से गौवंश की हर घर में पूजा अर्चना होती आई है एवं गौसेवा हमारी परंपरा रही है। गोवर्धन पूजा हमारी संस्कृति एवं पुरातन परम्परा रही है। गौवंश पूर्व से ही जीवन का आधार एवं आय का माध्यम रहा है। आज भी हमारे देश की 75 प्रतिशत आबादी परोक्ष अपरोक्ष रूप से गौसंवर्धन एवं पशुपालन से जुड़ी है। विधायक ने गौशालाओं के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रति गौवंश प्रोत्साहन राशि 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये किया है जिससे गौशालाओं के संचालन में कोई असुविधा ना हो। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील करते हुए कहा कि गौशालाएं आप लोगों के पालतू मवेशियों के लिए नहीं हैं। आप लोग अपने गौवंश अपने घर में रख कर उनकी सेवा करें। गौशालाएं ऐसे पशु जिनके कोई मालिक नहीं हैं उनके लिए बनाई गई है। गौशाला का संचालन कर रहे समूह के सदस्यों से कहा कि गौवंश को समय-समय पर खाना पानी दें, चराने के लिए बाहर ले जाए, गौशालाओं का प्रबंधन सही ढंग से करें।

उपखण्ड अधिकारी सिहावल एस. पी. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में गोवर्धन पूजा, गौशाला प्रबंधन एवं पशु पालन विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर श्यामकली प्रजापति सरपंच तरका, इंद्रभान सिंह नायब तहसीलदार, शिफाली गुप्ता पशु चिकित्सक, कामता प्रसाद तिवारी बीपीओ, अरुण पाठक एपीओ, महेश प्रजापति, चंद्रिका तिवारी, रमेश तिवारी, भूपेंद्र पांडेय, बृजेंद्र शुक्ला, बबलू सिंह, उदयराज सिंह, पृथ्वीराज प्रजापति, राजेंद्र पाण्डेय, जनप्रतिनिधि गण, गौशाला का संचालन कर रही समूह की महिलाएं सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विचार

## आओ अब जरा सांस लें और खांस लें

दिवाली मना ली जी! उम्मीद है अच्छी मनी होगी। नहीं मिठाई की बात नहीं करेंगे। आपको क्या लगता है कि मिठाई की बात करेंगे तो फिर मिलावट की बात होगी। नहीं। मिलावट तो अब राष्ट्रीय चरित्र है, उसकी क्या बात करनी। लेकिन मिठाई की बात करेंगे तो फिर महंगाई की बात हो जाएगी। मतलब बात निकलेगी तो दूर तलक तो पता नहीं कितनी जाएगी, पर सब्जी मंडी तक जरूर पहुंच जाएगी, जहां हर सब्जी शतक बनाने पर आमादा है। अच्छी बात यह है कि वे हमारी क्रिकेट टीम को शर्मिंदा करने के लिए धड़ाधड़ शतक नहीं बना रही हैं। फिर क्या वे आपकी औकात दिखाने के लिए शतक बना रही हैं। नहीं, ऐसी तो कल्पना भी नहीं करनी चाहिए।

तो फिर महंगाई की बात ही क्यों करनी यार। ऐसी बातें सरकार को तो छोड़ो आपको भी रास नहीं आएंगी। महंगाई की बात पहले सरकार को रास नहीं आती थी, अब आपको नहीं आती। सरकार और जनता का यह शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व ही इस दौर का कुल जमा हासिल है। खैर, सारी मनाही के बावजूद पटाखे भी फोड़े ही होंगे और अपनी इस जिद में ही फोड़े होंगे कि हमारे त्योहार पर हमें मना करने वाला कोई कौन होता है। हम क्या अपना त्योहार भी न मनाएं। दूसरों को तो कोई नहीं रोकता। बस सबका जोर हमीं पर चलता है। लेकिन हम किसी से क्यों दबें। इसलिए चलो पटाखे फोड़ें। तो फोड़े होंगे। सो आइए, अब अपने खिड़की-दरवाजे बंद कर लें और जरा सांस लें और थोड़ा खांस लें। दिवाली अब दीयों का त्योहार कहां रह गया जी! रोशनी के लिए वह लड़ियों का त्योहार हो गया और खुशी के इज़हार के लिए वह पटाखों के शोर का त्योहार हो गया। लेकिन पता नहीं जी, इस बार चीनी लड़ियों के बहिष्कार का आह्वान क्यों नहीं हुआ। लोग तो कह रहे हैं पटाखे भी चाइनीज ही आ रहे हैं। वैसे तो लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां भी चाइनीज ही आ रही हैं। कहीं हमारे बहिष्कार वीर थक तो नहीं लिए। अगर ऐसा हुआ तो यह अच्छा नहीं हुआ। पर जी, बात यह है कि बहिष्कार भी करें तो आखिर चीन के किस-किस माल का करें। यहां तो मोबाइल से लेकर चौराहों पर बिकने वाला तिरंगा तक चीन से आ रहा है।

लेकिन प्रदूषण के लिए इस बार किसानों को भी कम ही दोषी ठहराया जा रहा है। वरना पटाखों के शोर से पहले तो पराली जलाने का हाहाकार मच चुका होता था। शोर तो बेशक इस बार भी है, पर हाहाकार नहीं है। और पंजाब के किसानों को तो इसके लिए फिर भी दोषी ठहराया जा रहा है, लेकिन हरियाणा वालों को बख्श दिया गया है। देखो जी, चुनाव परिणामों का बड़ा फर्क पड़ता है। खैर जी, अच्छी बात यह है कि दिवाली आपकी अच्छी मनी।

# भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान

**प्रह्लाद सबनानी**

**भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुय रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सपा्ि मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है।**



ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।

भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा़, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी़, खेडा़, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी़, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहडा़, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं। अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए कड़ा वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुखाम ठीक करने के लिए किया जाता है। शुरुआती दौर में तो जनजाति समाज उक्त वर्णित वनस्पतियों एवं उत्पादों का उपयोग केवल स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही करते रहे हैं परंतु हाल ही के समय में इन वनस्पतियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जाने लगा है। व्यावसायिक रूप से किए जाने वाले उपयोग का लाभ जनजाति समाज को न मिलकर इसका पूरा लाभ समाज के अन्य वर्गों के लोग ले रहे हैं। उक्त वनस्पतियों एवं उत्पादों का व्यावसायिक उपयोग करने के बाद से ही प्रकृति का दोहन करने के स्थान पर शोषण किया जाने लगा है क्योंकि कई उद्योगों द्वारा उक्त उत्पादों का कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। इससे ध्यान में आता है कि जनजाति समाज द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से अपनी भूमिका का निर्वहन तो बहुत सफल तरीके से किया जाता रहा है परंतु अर्थव्यवस्था के विकास का लाभ जनजातियों तक सही मात्रा में पहुंच नहीं सका है। हालांकि भारत में प्राचीन काल से ही जनजाति समाज जंगलों में अपना जीवन यापन करता रहा है और वनोपज (जैसे मध्यप्रदेश में तेन्दु पत्ता को एकत्रित करना) को एकत्रित करता रहा है परंतु अब धीरे धीरे अपने आप को यह समाज कृषि कार्य एवं पशुपालन जैसे अन्य कार्यों में भी संलग्न करने लगा है। जनजाति समाज ने बिना किसी भय के सघन वनों में जंगली जानवरों व प्राकृतिक आपदाओं से लड़ते हुए अपने जीवन को संघर्षमय बनाया है। जनजाति समाज ने कृषि कार्य के लिए सर्वप्रथम जंगलों को काटकर जलाया। भूमि साफ कर इसे कृषि योग्य बनाया और पशुपालन को प्रोत्साहन दिया। विकास की धारा में आगे बढ़ते हुए धीरे-धीरे विभिन्न गावों एवं कस्बों का निर्माण किया। आज भी जनजाति समाज की अधिकांश जनसंख्या दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती है। इन इलाकों में संचार माध्यमों का अभाव है। हालांकि धीरे धीरे अब सभी प्रकार की सुविधाएं इन सुदूर इलाकों में भी पहुंचाई जा रही हैं। परंतु, अभी भी जनजातीय समाज कृषि सम्बन्धी उन्नत विधियों से अनभिज्ञ है। सिंचाई साधनों का अभाव एवं उपजाऊ भूमि की कमी के कारण ये लोग परम्परागत कृषि व्यवस्था को अपनाते रहे हैं और इनकी उत्पादकता बहुत कम है।

जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का पालन पोषण करते रहे हैं। घने जंगलों में जनजाति समाज को प्रकृति द्वारा, स्वच्छंद वातावरण, स्वच्छ जल, नदियां, नाले, झरने, पशु पक्षियों का कोलाहल, सीमित तापमान, हरियाली, आर्द्रता, समय पर वर्षा, मिटटी कटाव से रोक, आंधी एंव तूफानों से रक्षा, प्राकृतिक खाद, बाढ़ पर नियंत्रण, वन्य प्राणियों का शिकार व मनोरंजन इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी के चलते जनजाति समाज घने जंगलों में भी बहुत संतोष एवं प्रसन्नता के साथ रहता है।

जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। इसके विपरीत शहरों में रहने वाला समाज समय समय पर भारतीय परम्पराओं में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करता रहता है। हाल ही के समय में अत्यधिक आर्थिक महत्वकांक्षा के चलते वनों का अदूरदर्शितापूर्ण ढंग से शोषण किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 110 लाख हैक्टर भूमि के वन नष्ट किये जा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक देश में उपलब्ध भूमि के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर वन होना आवश्यक है। यदि वनों का इस प्रकार कटाव होता रहेगा तो जनजाति समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है। भारत द्वारा इस संदर्भ में कई प्रयास किए जा रहे हैं। देश में वनों के कटाव को रोकने के लिए वर्ष 2015 एवं 2017 के बीच देश में पेड़ एवं जंगल के दायरे में 8 लाख हेक्टेयर भूमि की वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2030 तक 2.10 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.60 करोड़ हेक्टेयर कर दिया है ताकि वनों के कटाव को रोका जा सके। भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज को देश के आर्थिक विकास में शामिल करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद्द तक आसान बनाया जा सके।

# मतदाताओं को रिश्वत जैसी गारंटी की सियासत पर उठते सवालों का जवाब आखिर देगा कौन, पूछते हैं लोग!

**कमलेश पांडे**

पहले मतदाताओं को रिश्वत जैसी चुनावी गारंटी देने और फिर चुनाव जीत लेने के बाद उसे लागू नहीं करने की वादाखिलाफी एक ऐसा सुलगता हुआ सवाल है, जिसका जवाब लाभुक मांगते हैं, पर वह मिलती नहीं! जबकि ऐसा करके सत्ता में आने वाली सरकारों को शासन से बेदखल कर देना चाहिए और उनकी पार्टी की मान्यता रद्द कर देना चाहिए। ऐसा स्पष्ट प्रावधान यदि नहीं है तो कीजिए। क्योंकि यह विषय सियासत का नहीं, बल्कि मतदाताओं से सीधी धोखाधड़ी का है और ऐसे नेताओं के खिलाफ %420% (परिवर्तित धारा 318) वाला मुकदमा भी चलाया जाना चाहिए। इस मामले में सत्ता पक्ष व विपक्ष की सांठगांठ के खिलाफ सिविल सोसाइटी, प्रशासन, न्यायपालिका और मीडिया को आगे आना चाहिए। क्योंकि ऐसी वायदाखिलाफी की सियासत पर उठते सवालों का जवाब आखिर कौन देगा, भुक्तभोगी लोग सबसे पूछ रहे हैं। कभी कांग्रेस के दफ्तरों पर पहुंचकर, तो कभी मीडियाकर्मियों के मिलने पर। कभी विभिन्न विचार गोष्ठियों में तो कभी सड़कों पर। इस मामले का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि अब खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी के नेताओं को सिर्फ वही चुनावी गारंटी देने के वायदे करने की नसीहत दी है, जिन्हें सत्ता में आने के बाद पूरा किया जा सके! ऐसा इसलिए कि चुनावी गारंटी पूरे करने के मामले में तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की कांग्रेसी सरकारें फिसड्डी साबित हुई हैं। इससे कांग्रेस के जनाधार पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है। समझा जाता है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान की कांग्रेसी सरकारों के पतन के पीछे कुछ ऐसी ही वादाखिलाफी का हाथ है। यही वजह है कि भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ही बयान को आधार बनाकर अब कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आपको पता होगा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की मुफ्त बिजली-पानी की सियासत और जनसहुलियत भरी शिक्षा-चिकित्सा व्यवस्था की राजनीति जब दिल्ली से लेकर पंजाब तक हावी होती चली गई तो अपनी सरकारें गंवाने के बाद राहुल गांधी-प्रियंका गांधी ने कांग्रेस की गारंटी के नाम पर लोगों से धड़ाधड़ वायदे किए और खटाखट धन देने की गारंटी दी, लेकिन उनकी राज्य सरकारें उसे पूरी नहीं कर सकीं।

इससे पार्टी की बढ़ती अलोकप्रियता और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में डैमेज कंट्रोल के लिए ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी के नेताओं को जो कुछ समीचीन सुझाव दिए, अब उसे ही भाजपा ने चुनावी हथियार बना लिए। क्योंकि लोगों को चुनावी लॉलीपॉप गारंटी देने की विरोधी रही भाजपा ने भले ही आप और कांग्रेस के दबाव में अपनी सत्ता प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी शुरू की और विभिन्न कांग्रेसी व विपक्षी दल शासित राज्यों में शानदार वापसी की, लेकिन अब वह मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को लेकर जिस तरह से कांग्रेस पर हमलावर है, उसका फलसफा यही है कि अनुकूल मौका मिलते ही भाजपा मोदी की गारंटी वापस ले लेगी। बशर्ते कि पहले वह इसी के सहारे कांग्रेस व आप का सफाया कर ले। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक में आर्थिक संकट की खबरों के बीच नेताओं को वही वादे



करने की नसीहत दी है, जिन्हें पूरा किया जा सके। उन्होंने साफ कहा कि उतनी ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें, नहीं तो सरकार दिवालियापन की कगार पर पहुंच जाएगी। यही वजह है कि कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान पर अब सियासी घमासान मच गया है। केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की अगुवाई कर रही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने खड़गे के बयान को ही आधार बनाकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बाजाप्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने कई चीजों को स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो बोला है, वो राहुल गांधी को बताया है क्या? कई चुनाव से खट-खटाखट चल रही घोषणाओं का क्या होगा? जो बोला है, बजट में उसका प्रावधान है कि नहीं? उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि वहां कांग्रेस ने कई वादे किए थे कि ये कर देंगे, वो कर देंगे, पर अब वहां के सीएम कह रहे हैं कि वेतन बाद में ले लेना। वहीं, टॉयलेट पर टैक्स की चर्चा करते हुए कांग्रेस पर घोषणाएं करके जनता को मूर्ख बनाने और किसी योजना को अमल में नहीं लाने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि कर्नाटक में पांच गारंटी की घोषणा की गई थी लेकिन हुआ क्या? हो क्या रहा है वहां? कर्नाटक में अब फ्री बस को रिव्यू करने की बात कही जा रही है! हालांकि भाजपा पर भी कांग्रेस आरोप लगाती आई है कि मोदी ने 2014 में 15 लाख रुपये खाते में आने के सपने दिखाए थे, जो लगभग 11 साल बाद भी नहीं आए। दो करोड़ नौकरियों का वायदा भी सिफर ही रहा। कोरोना के बाद उन्होंने युवाओं को पकौड़े बेचने लायक भी नहीं छोड़ा।जबकि भाजपा का दावा है कि अगर हमने 11 करोड़ किसानों को 6-6 हजार रुपये देने का वादा दिया था तो उसे पूरा किया हमने।

बीजेपी जो कहती है, उसे जमीन पर उतारती भी है। भाजपा नेता कहते हैं कि हम जमीनी हालात देखकर वादे करते हैं और जो वादे करते हैं, उसे डिलीवर भी करते हैं। जबकि खड़गे साहब को जो ज्ञान आया है वह और जल्दी आना चाहिए था। आप राहुल गांधी को वो पाठ पढ़ाएं। भाजपा ने कहा कि झारखंड में जनता की आंखों में धूल झोंकने की बात कही जा रही है। जबकि कांग्रेस पार्टी ने अपने अध्यक्ष के माध्यम से पहली बार हकीकत स्वीकार किया है। लिहाजा मल्लिकार्जुन खड़गे को इस वक्तव्य के बाद देश से माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि कांग्रेस ने तेलंगाना और कर्नाटक की जनता की आंखों में धूल झोंका। कांग्रेस की सच्चाई सामने आई है।

# 10 हजार दीयों से जगमगाया रिवर व्यू

## राज्य स्थापना दिवस पर दीपोत्सव का आयोजन, 5 नवंबर को आएंगी मैथिली ठाकुर

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में राज्य स्थापना दिवस के मौके पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले भर में लोगों ने दीप जलाकर राज्य स्थापना दिवस की खुशियां मनाई। इस बीच सबसे खास नजारा शहर के अरपा रिवर व्यू में देखने को मिला। जहां दस हजार दीपक एक साथ जलाए गए। इसके अलावा पांच नवंबर को पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय राज्योत्सव मनाया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध लोक गायिक मैथिली ठाकुर अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहेंगी।

**रंगोली में दिखा आकर्षक छत्तीसगढ़:** दीपक जलाने के साथ ही रिवर व्यू में रंगोली से हमर छत्तीसगढ़ की थीम पर राज्य की आकृति भी उकेरी गई। इस मौके पर कलेक्टर अवनीश शरण ने लोगों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि






"छत्तीसगढ़ राज्य प्रगति के नित नए सोपान तय कर रहा है। राज्य अपने निर्माण के शानदार 24 वर्ष पूर्ण कर 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है।"

कार्यक्रम में एसडीएम पीयूष तिवारी, जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी ओम पांडे, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी मनोज सिन्हा, स्वयंसेवक, सहित शहर के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**कलेक्ट्रेट और ऐतिहासिक टाउन हॉल में आकर्षक रोशनी:** इस विशेष मौके पर जिला कार्यालय और ऐतिहासिक टाउन हॉल में भी आकर्षक रोशनी की गई है। इसके अलावा जिला पंचायत भवन में भी दीप जलाकर राज्य निर्माण दिवस मनाया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, सीईओ आरपी चौहान सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

**इस बार 4 से 6 नवंबर तक मनाया जाएगा राज्योत्सव:** इस बार राज्य स्थापना दिवस 4 नवंबर से 6 नवंबर तक चलेगा। बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में भी 5 नवंबर की शाम जिला स्तरीय राज्योत्सव मनाया जाएगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर भी अपनी प्रस्तुति देंगी। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस मौके पर शहरवासियों से शामिल होने की अपील की है।

# 3 जगहों पर देर-रात भड़की आग

## पंडरी में ज्वेलरी शॉप खाक, 4 दुकानें भी चपेट में आईं, दो घरों से उठी लपटें



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में दीपावली के दूसरे दिन शुक्रवार रात को शहर के तीन अलग-अगल इलाकों में आग लग गई। एक घटना गोकुल नगर में हुई है, तो दूसरी सप्रे स्कूल के पास एक घर पर लगी थी। इसके अलावा पंडरी इलाके में एक ज्वेलरी शॉप भी आग की चपेट में आ गया। इन तीनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ज्वेलरी दुकान में भड़की आग ने बगल में एक फर्नीचर दुकान के अलावा 4 दुकानों को भी चपेट में ले लिया, दुकान में लकड़ी के सामानों के अलावा गद्दे रखे हुए थे, जिससे आग तेजी से फैल गई। पुलिस दुकान के मालिकों से पूछताछ कर नुकसान का आकलन कर रही है।

**पहली घटना:-** पंडरी इलाके के एक ज्वेलरी दुकान में शुक्रवार देर रात अचानक आग की लपटें उठने लगी। बताया जा रहा है कि दुकान का शटर बंद था, जिस वजह से शुरुआत में लोगों को पता नहीं चला। जब अंदर से तेजी से धुआं निकलने लगा तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को शटर बंद होने की वजह से आग बुझाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी।

**दूसरी घटना:-** गोकुल नगर में स्थित एक घर के अंदर रखे पैरा के ढेर में आग लग गई। शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे आग पूरे घर में फैल गई। आशंका है कि ये पटाखे या दिए की वजह से ये आग लगी होगी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। यह टिकरापारा थाना क्षेत्र का मामला है।

**तीसरी घटना:-** सप्रे स्कूल के पास एक घर पर हुई है। यहां किस वजह से आग लगी है साफ नहीं हो पाया है। लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया और आग फैलने से बच गई। ये कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

## भगवान को चढ़ा नए अनाज से बना 56भोग, 200 सालों से हो रही गोवर्धन पूजा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मौजूद जैतूसाव मठ में आज गोवर्धन पूजा की गई। जैतूसाव में ये पूजा पिछले 200 सालों से की जा रही है। ये पूजा विशेष है, जिसका हिस्सा बनने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। इस पूजा में भगवान राघवेन्द्र सरकार को नए अनाज से बना हुआ 56 भोग लगाया जाता है। गौमता को सोहाई पहनाई जाती है और अन्नकूट प्रसाद खिलाया जाता है। इसके बाद महाआरती होती है, जिसमें बड़ी संख्या में राउत मौजूद होते हैं। जैतूसाव मठ में गोवर्धन पूजा में बीजेपी प्रत्याशी सुनील सोनी और कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा दोनों पहुंचे। यहां जैतूसाव मठ में दोनों ने आशीर्वाद लिया।

# दामाखेड़ा कबीर-आश्रम पर बम-पटाखे और पत्थर से हमला

## गुरु प्रकाशमुनि के बेटे को जान से मारने की धमकी, लाठी-डंडा लेकर घुसी भीड़, आधी-रात पहुंचे गृहमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में शुक्रवार की रात कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम दामाखेड़ा में पटाखा-बम और पत्थर से हमला किया गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी, डंडा और बम-पटाखों के साथ आश्रम में घुस गए। उपद्रवियों ने प्रकाश मुनि के बेटे उदित मुनि को जान से मारने की धमकी भी दी है। आरोप है कि उदित मुनि से गाली-गलौज भी की गई। बढ़ते बवाल के बीच गृहमंत्री विजय शर्मा और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को आधीरात दामाखेड़ा आश्रम पहुंचना पड़ा। आश्रम के अंदर बम और पत्थरबाजी से तनाव की स्थिति थी, जिसे पुलिस ने कंट्रोल किया। फिलहाल 16 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

**कैसे शुरू हुआ विवाद:** सिमगा पुलिस के मुताबिक 1 नवंबर की रात पटाखे जलाने को लेकर बहसबाजी हुई। करीब 9:45 बजे



किसी ने आश्रम के अंदर पटाखा फेंका, जिससे विवाद की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे कुछ ग्रामीण लाठी, डंडा और बम पटाखों के साथ आश्रम में जबरन घुस गए। आश्रम में सुरक्षा के नजरिए से बड़ी संख्या में फोर्स तैनात की तैनाती की गई है।

**कबीर आश्रम पर हथियारबंद लोगों ने किया हमला:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज दामाखेड़ा पहुंचे। वहां पंथ श्री 108 हूजुर प्रकाशमुनि नाम साहेब से भेंटकर कबीर आश्रम पर हुए हमले पर चर्चा की। बैज ने कहा कि कबीर आश्रम दामाखेड़ा पर दर्जनों हथियारबंद लोगों ने हमला किया।वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब पर हत्या की नीयत से किया गया हमला दुःखद है। इस सरकार में हमारे संत और धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं।

**दामाखेड़ा कबीरपंथियों की आस्था पर हमला निंदनीय:** दामाखेड़ा जाने से पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा था कि दामाखेड़ा कबीरपंथियों की आस्था का केंद्र है। रात में अज्ञात लोगों ने वहां हमला किया। यह बहुत निंदनीय घटना है। हम अभी दामाखेड़ा जा रहे हैं। वहां आश्रम के लोगों से चर्चा करेंगे।

**सरपंच पति समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर:** सिमगा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने धारा 191(2), 193(3), 190, 331, 296, 351(3), 298 भादंसं के तहत मामला दर्ज किया है। प्रकाश मुनि की शिकायत पर पुलिस ने दामाखेड़ा के सरपंच पति समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

**फरार आरोपियों की तलाश की जा रही:** मामले में एसडीओपी एश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने हुज्जत-बाजी की है। आश्रम के अंदर बम-पटाखे फेंके गए हैं। फटाखे जलाने को लेकर ग्रामीणों और उदित मुनि के बीच विवाद हुआ था। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। अभी स्थिति नियंत्रण में है।

**पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की:** बलौदाबाजार जिले में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। घटना के बाद पुलिस पूरी एहतियात बरत रही है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की है। अधिकारियों का मानना ??है कि घटना के पीछे स्थानीय विवाद और व्यक्तिगत दुश्मनी हो सकती है।

**दामाखेड़ा आश्रम है आस्था का केंद्र:** दामाखेड़ा आश्रम पर कबीरपंथी समाज की बड़ी आस्था है। समय-समय पर यहां संत कबीर के उपदेशों और शिक्षाओं को लेकर चर्चा और कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कबीरपंथ के गुरु परंपरा का ये प्रसिद्ध स्थल भी है। कबीर जयंती और गुरु पूर्णिमा पर यहां विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में कबीर पंथ से जुड़े लोग यहां आते रहते हैं।

# बीएसपी क्वार्टर में शार्ट सर्किट से लगी आग

## पांच गाड़ियां जलीं, मां और दो बेटियों का किया गया रेस्क्यू



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई टाउनशिप में आग लगने से पांच स्कूटी और एक बाइक जलकर खाक हो गई। आग टाउनशिप के सेक्टर 2, सड़क नंबर 16 के ब्लॉक 62जीएच में लगी थी। मामला शुक्रवार सुबह करीब छह बजे का है, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

मौके पर पहुंची बीएसपी की दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। सहायक अग्नि शमन अधिकारी अमन कुमार ने बताया कि स्पॉट पर जब वो अपनी टीम के साथ पहुंचे तो घरों के नीचे रखी गाड़ियां लगभग जल चुकी थी। ब्लॉक में मौजूद लगभग सभी लोग सुरक्षित निकल चुके थे।

लेकिन ब्लॉक के ऊपर के मंजिल वाले घर में मुन्नी देवी नाम की महिला और उनकी दो बेटियां फंस गई थीं, जिनका रेस्क्यू किया गया। इसके बाद एक घंटे के भीतर ही आग पर काबू पा लिया गय।

**ड्यूटी जाने वाले बीएसपी कर्मियों ने दी सूचना:** जिस समय आग लगी बिल्डिंग के सभी रहवासी सो रहे थे। सुबह वहां से कुछ बीएसपी कर्मी ड्यूटी जाने के लिए निकल रहे थे। उन्होंने देखा कि ब्लॉक में खड़ी गाड़ियों में आग लगी है। इसके बाद उनमें से एक ने आसपास रहने वाले लोगों को इसकी सुचना दी।

**मीटर बोर्ड में शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका:** अग्नि शमन अधिकारी ने बताया कि आग सीढ़ी के पास लगे मीटर बोर्ड में हुए शार्ट सर्किट से लगी है। वहां के रहने वाले सभी लोग वहीं सीढ़ी के पास ही अपनी बाइक और स्कूटी को खड़ा करते थे। इसलिए आग आसानी से गाड़ियों तक पहुंची और बड़ा रूप ले ली। लोगों का आरोप है कि ये किसी की शरारत है। भट्ठी थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

**घर में ये बरतें सावधानी:** बीएसपी के एडिशनल चीफ फायर ऑफिसर संजय ढवर ने बताया कि शार्ट सर्किट कहीं भी हो सकता है, लेकिन उससे आग लगने का बड़ा कारण हमारी लापरवाही होती है। आग से बचाव के के लिए लोगों को ये सावधानी बरतनी चाहिए।

# शराबी युवक की लात-घूसों से पिटाई

## सड़क पर बैठकर शराब पीने से मना किया तो दी गाली, युवकों ने बेरहमी से पीटा

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में शराबी युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। युवक को लात-घूसों से पीटा जा रहा है। दरअसल, युवक सड़क पर बैठकर शराब पी रहा था। उसे युवकों ने मना किया, लेकिन वो नहीं माना और विवाद करने लगा। इसके बाद वहां मौजूद युवकों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सरकंडा के गया विहार के पास रहने वाला राघव खानिलकर आदतन बदमाश है और शराब पीने का भी आदी है। शुक्रवार की रात वह सीपत रोड में सड़क पर बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान मोहल्ले के



युवकों ने उसकी हरकतों को देखकर उसे ऐसा करने से मना किया, जिस पर वो उल्टा युवकों से गाली-गलौज करते हुए धौंस दिखाने लगा।

**युवकों ने 112 को दी जानकारी, लेकिन नहीं पहुंची पुलिस:** इस दौरान युवक की हरकतों को देखकर उन्होंने पुलिस के 112 को कॉल किया। लेकिन, जानकारी देने के बाद भी काफी समय तक पुलिस नहीं पहुंची। वहीं, शराब के नशे में युवक गाली देते हुए मोहल्ले में हंगामा मचाते रहा। काफी देर तक युवक उसे घर जाने की समझाइश देते रहे, लेकिन वो नहीं माना। बल्कि, युवकों के साथ गाली-गलौज कर विवाद करते रहा। जानकारी देने के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची, जिससे विवाद बढ़ गया।

**सब्र टूटा तब जमकर चलाए लात-घूसे:** समझाने के बाद भी युवक नहीं माना, तो मोहल्ले के युवक गुस्से में आ गए। जिसके बाद शराब के नशे में हंगामा मचा रहे राघव की जमकर पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान हाथ-मुक्के और लात-घूसों से उसकी पिटाई की गई, जिसके बाद कुछ युवकों ने शराबी युवक को उसके घर पहुंचाया।

# दिवाली के दिन 2 नाबालिगों की मौत

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, इधर हसदेव नदी में डूबने से व्यक्ति ने तोड़ा दम

**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा/मनेंद्रगढ़ एजेंसी।** मनेंद्रगढ़ में दीपावली के दिन सड़क हादसे में 2 नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक झारखंड के रहने वाले नीलेश कुमार (13), आयुश कुमार (15) और अजय पनिका (16) बाइक से दीपावली की खरीदारी करने मनेन्द्रगढ़ आए हुए थे। इस दौरान तीनों सड़क किनारे बाइक पार्क कर आपस में बात करने लगे। तभी दूसरी ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया। जहां नीलेश कुमार और आयुश कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं अजय को इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है।

**इधर पिकनिक मनाने गया युवक नदी में डूबा:** वहीं एक अन्य मामले में एक युवक की हसदेव नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक ओम प्रकाश (35) अपने साथियों के साथ मनेन्द्रगढ़ से पिकनिक मनाने 20 किलोमीटर दूर छिपछिपी गया था। इस दौरान उसकी हसदेव नदी में डूबने से मौत हो गई। उसके साथियों ने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद गोताखोरों की मदद से युवक के शव को बाहर निकाला गया।

# दिवाली पर बाहर आया दुर्लभ दक्षिण मुखी शंख

## 550 साल से रायपुर के दूधाधारी मठ में मौजूद, साल में एक बार ही दर्शन

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में स्थित दूधाधारी मठ में पिछले 550 सालों से एक दक्षिण मुखी शंख कैद है। सिर्फ साल में एक बार, दिवाली की रात को ही इसे बाहर निकाला जाता है। 1 नवंबर की रात यानी शुक्रवार को लक्ष्मी पूजा के बाद इस शंख को बाहर निकाला गया, इसके दर्शन के लिए दूर-दराज से लोग पहुंचे थे। मान्यता है कि इस शंख में मां लक्ष्मी का वास है। मठ के महंत रामसुंदर दास बताते हैं कि करीब साढ़े पांच सौ साल पहले मठ को बनाने वाले महंत इस शंख को दूधाधारी लेकर आए थे। तभी से दिवाली की रात पूजा के बाद आम लोगों को इसके इसके दर्शन कराए जाते हैं। इसके बाद पूरे साल इसे सुरक्षित एक कमरे में बंद कर दिया जाता है। मान्यता है कि शंख के दर्शन से पुण्य मिलता है।

**राम निवास में रखा जाता है शंख:** एक नवंबर की रात बड़ी संख्या में लोग इस शंख के दर्शन के लिए मठ पहुंच रहे थे। मठ में पुराने लोहे की सलाखों वाले गेट के भीतर लकड़ी के खंभों वाले पुराने कमरे में





शंख रखा था। इस जगह को मठ के लोग राम निवास कहते हैं। यहां भगवान राम के सोने के आभूषण सुरक्षित रखे जाते हैं।

ये जगह मठ की सबसे सुरक्षित जगह है। सिर्फ महंत को ही यहां प्रवेश की इजाजत है। पूजा के बाद कुछ ही मिनट के लिए शंख को निकाला गया। लोगों ने दर्शन किए, फिर वापस इसे ताले में बंद कर दिया गया। इसके बाद भी लोग मठ में आते रहे, शंख के दर्शन करने की मांग करते रहे। मगर नियम सख्त हैं, एक बार शंख बंद हुआ तो फिर इसे बाहर निकाला नहीं जाता।

**क्या है दक्षिण मुखी शंख को लेकर मान्यता:** दरअसल, शंख की प्राप्ति समुद्र मंथन से हुई है, जिस वक्त देवताओं असुरों के बीच समुद्र मंथन हुआ था। उस दौरान 14 रत्न प्राप्त किए गए थे, जिसमें से एक शंख भी है। शंखों में सबसे श्रेष्ठ दक्षिणावर्ती शंख को बताया गया है। वामावर्ती शंखों का पेट बाई तरफ खुला हुआ रहता है जबकि दक्षिणावर्ती शंख का मुख दायीं तरफ होता है।

शास्त्रों में इस शंख को बेहद शुभ कल्याणकारी माना गया है। इस शंख में लक्ष्मी जी का वास माना जाता है। इस शंख से नकारात्मक ऊर्जा भी दूर हो जाती है।

## दो युवकों की सड़क हादसे में मौत, एक गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में शुक्रवार देर रात कार और स्कूटी की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि स्कूटी में सवार 2 युवकों की ऑन स्पॉट डेथ हो गई। वहीं स्कूटी सवार एक अन्य युवक घायल है। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। मामला जिले के नगरनार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, डोंगरीगुड़ा सेमरा के रहने वाले 3 युवक स्कूटी में सवार होकर नगरनार की तरफ जा रहे थे। इस दौरान नगरनार मुख्यालय में चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही एक कार से इनकी टक्कर हो गई। हादसे में 2 युवकों को गंभीर चोट आने की वजह से उनकी ऑन स्पॉट डेथ हो गई।

**कार चालक के खिलाफ केस दर्ज:** एक अन्य युवक घायल है। साथ ही कार चालक ठीक है। हादसे के बाद इलाके के लोग मौके पर पहुंच गए थे।

# दो बाइकों की भिड़ंत, एक मौत

## प्रसाद बांटकर लौट रहा था युवक, दूसरे हादसे में 3 लोगों की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में दो तेज रफ्तार बाइकों के बीच जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वो दिवाली का प्रसाद बांटकर घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हो गया है। घटना सकरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम लाखासार निवासी दीपक केंवट दिवाली का प्रसाद बांटने के लिए अपने रिश्तेदार के घर रौनाकापा गया था। प्रसाद देकर गांव लौटते समय बाइक से नेशनल हाइवे पर पहुंचा। उसी दौरान ग्राम सागर की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएच 5957 के ड्राइवर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

**गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल:** इस हादसे में बाइक सवार दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस के डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घायल दीपक को इलाज के लिए सिम्स पहुंचाया। लेकिन, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

वहीं, दूसरे बाइक पर सवार युवक भी घायल है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# एअर इंडिया फ्लाइट में कारतूस मिला

**नागपुर ( एजेंसी )।** दुबई से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया फ्लाइट में कारतूस मिलने की जानकारी शनिवार (2 नवंबर) को सामने आई है। घटना 27 अक्टूबर की है। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया, फ्लाइट ए 916 जैसे ही दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। उसकी एक सीट की पॉकेट में कारतूस मिला, जिसके बाद सभी पैंसजर्स को सुरक्षित उतार लिया गया था। एयरलाइंस ने इसकी शिकायत भी दर्ज कराई है। कारतूस मिलने की बात ऐसे समय सामने आई, जब फ्लाइट्स में बम की फर्जी धमकी का सिलसिला जारी है। शनिवार को काठमांडू से नई दिल्ली जा रहे इंडियन एयरलाइंस के विमान में बम की धमकी मिली। 14 से 29 अक्टूबर के बीच 16 दिनों के अंदर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली चुकी है। जांच में ये सभी फर्जी निकले। बम की धमकी देने वाले 3 आरोपी अरेस्ट इस बीच विमानों में बम की धमकी देने वाले एक आरोपी जगदीश उइके को महाराष्ट्र के गोंदिया से गिरफ्तार कर लिया गया है। नागपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसे जांच के लिए पेश होने का नोटिस भेजा गया था, जिसके बाद 31 अक्टूबर को उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने 29 अक्टूबर को विमानों में बम की धमकी देने के मामले में उसकी पहचान की थी। आरोपी ने आतंकवाद पर भी किताब लिखी है। नागपुर पुलिस टीम ने फर्जी ईमेलों की खोजबीन करके आरोपी को ट्रेस किया था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की स्पेशल टीमें बनाई गई थी। यह 2021 में एक केस में अरेस्ट भी हो चुका है।

# कश्मीर में 36 घंटे में 3 एनकाउंटर



**श्रीनगर ( एजेंसी )।** कश्मीर में पिछले 36 घंटे में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हुए। इनमें 4 जवान घायल हो गए और 3 आतंकी मारे गए। श्रीनगर के खान्यार में एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया है। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। श्रीनगर में 2 सीआरपीएफ जवान और 2 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। 15 सितंबर 2022 के बाद यह पहली आतंकी वारदात है। तब एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए थे। उधर, बांदीपोरा में एनकाउंटर जारी है। वहीं अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। शांगुस लार्नू के जंगल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर शुरू हुआ था। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी थी। तीनों जगहों पर सर्च ऑपरेशन जारी है। इससे पहले शुक्रवार रात को बडगाम में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों पर हमला किया था। इसमें क्के दो लोग घायल हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे।

# मुख्यमंत्री निवास में हुई गोवर्धन पूजा

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में गोवर्धन पूजा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास स्थित गौशाला में विधि-विधान और मंत्र उच्चारण के साथ गोवर्धन पूजा कर प्रदेशवासियों के सुखी जीवन की प्रार्थना की। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संपूर्ण प्रदेश में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासन स्तर पर गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा काफी प्राचीन है। गोवर्धन एवं गाय की पूजा प्रतीक रूप में होती है। वास्तव में यह प्रकृति की पूजा का भी पर्व है। लोक जीवन में गोवर्धन पूजा की समृद्ध परंपरा है जिससे युवा पीढ़ी को अवगत करवाने की दिशा में भी इस वर्ष



शासन द्वारा विशेष प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवर्धन पूजा के बाद मुख्यमंत्री निवास स्थित गौ-शाला की गायों के साथ कुछ समय भी बिताया। उन्होंने गायों को स्नेह पूर्वक दुलारा और उन्हें गुड़ एवं मिष्ठान इत्यादि स्वयं खिलाया।

# संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने के आसार हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है। 18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। पूरे सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो लगभग 115 घंटे तक चलीं थी। सत्र के दौरान सदन की प्रोडक्टिविटी 136 प्रतिशत रही। इसी सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को सदन में केंद्रीय बजट 2024-2025 पेश किया। इस पर कुल 27 घंटे और 19 मिनट तक चर्चा चली, जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र में कुल 65 प्राइवेट मेम्बर बिल भी पेश किए गए थे। इसके अलावा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि, इस सत्र के दौरान देश के कई हिस्सों में आए




लैंडस्लाइड, बाढ़ और जान-माल के नुकसान पर भी चर्चा हुई। साथ ही ओलिंपिक में भारत की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। 8 अगस्त को लोकसभा में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून (संशोधन) बिल पेश किया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया। इस बिल का विपक्षी दलों ने विरोध किया।

# सलमान के घर पर फायरिंग का मामला, लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को लाने की तैयारी

**मुंबई ( एजेंसी )।** अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग करवाने के मामले में आरोपी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सलमान के घर 14 अप्रैल को बाइक सवार दो लोगों ने फायरिंग की थी। हालांकि, इसमें जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। अनमोल, साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक सीनियर अफसर ने बताया कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम कोर्ट ने अनमोल की गिरफ्तारी के लिए पहले ही गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने विदेश में उसकी तलाश के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, अभी कुछ अदालती दस्तावेजों का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को एक प्रत्यर्पण के लिए औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्पेशल कोर्ट ने 16 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच के उनके आवेदन को मंजूरी दे दी थी। उम्मीद है कि पुलिस को जल्द ही डॉक्युमेंट्स मिल जाएंगे। इससे पहले 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए 10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

# गौरी गोपाल आश्रम में हादसा, गर्म खिचड़ी गिरने से 10 महिलाएं झुलसी, स्थिति गंभीर

**मथुरा ( एजेंसी )।** वृंदावन, जो अपनी धार्मिकता और श्रद्धा के लिए प्रसिद्ध है, में हाल ही में एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के गौरी गोपाल आश्रम के बाहर प्रसाद वितरण के दौरान गर्म खिचड़ी का एक भगौना श्रद्धालुओं पर गिर गया, जिससे 10 महिलाएं घायल हो गईं। इस घटना ने न केवल वहां मौजूद लोगों को स्तब्ध कर दिया, बल्कि स्थानीय प्रशासन को भी सक्रियता दिखाने पर मजबूर कर दिया। 1 नवंबर को, जब श्रद्धालुओं की एक बड़ी संख्या आश्रम में प्रसाद



प्राप्त करने के लिए उपस्थित थी, अचानक एक कर्मचारी, जो खिचड़ी लेकर आ रहा था, का पैर फिसल गया। यह घटना उस समय हुई जब वह भगौने को प्रसाद वितरण के लिए ले जा रहा था। भगौने का गर्म खिचड़ी से भरा होना और उस पर नियंत्रण खो देना, गंभीर परिणाम का कारण बना। गर्म खिचड़ी सीधे सामने बैठी महिलाओं पर गिर गई, जिससे वे झुलस गईं। घायल महिलाओं की पहचान पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से आई श्रद्धालुओं के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद, उन्हें नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, दो महिलाओं की हालत गंभीर है, इसलिए उन्हें आगरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आज जारी होगा भाजपा का घोषणा पत्र

**रांची ( एजेंसी )।** झारखंड में भाजपा अपना घोषणा (संकल्प) पत्र कल यानी 3 नवंबर को जारी करेगी। शनिवार को इसकी पुष्टि भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की है। बताया जा रहा है कि इसमें 300 यूनिट फ्री बिजली और सवा करोड़ घरों में सोलर ऊर्जा से जोड़ने का ऐलान भी हो सकता है। आज रात करीब साढ़े नौ बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रांची आएंगे। बताया जा रहा है कि वह प्रदेश कार्यालय में दो बैठक करेंगे। पहली बैठक प्रदेश स्तरीय



नेताओं की होगी, इसमें संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा भी शामिल होंगे और अब तक की तैयारियों पर गहन चर्चा करेंगे। इसके बाद दूसरी बैठक सभी विधानसभा प्रभारियों के साथ होगी। इसमें चुनाव प्रचार अभियान पर चर्चा होगी। अगली सुबह यानी रविवार को शाह रांची से ही वो सिमरिया, बरकट्ठा और घाटशिला जाएंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। रांची दौरे के दौरान अमित शाह उन लोगों से भी मिल सकते हैं जिन्होंने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन किया था और बाद में वापस ले लिया। भाजपा से नाराज होकर नाला से निर्दलीय नामांकन करनेवाले पूर्व मंत्री सत्यानंद झा 'बाटुल' और वीरेंद्र मंडल को मनाने में हिमंता विश्वा सरमा सफल रहे हैं।

# शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने शाइना एनसी से माफी मांगी

**मुंबई ( एजेंसी )।** शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने शिवसेना शिंदे गुट की नेता शाइना एनसी पर दिए अपने बयान पर शनिवार को माफी मांग ली। सावंत ने कहा- ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि मैंने एक महिला का अपमान किया है, मैंने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं किया। जानबूझकर मेरे बयान का अलग अर्थ निकालकर निशाना बनाया जा रहा है, मुझे इस बात का दुख है। लेकिन फिर भी अगर मेरे बयान से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं। देश में महिलाओं के सम्मान को पार्टी के हिसाब से नहीं देखा जा सकता। दरअसल, सावंत ने शुक्रवार को शाइना एनसी को इम्पोर्टेड माल कहा था। इसके खिलाफ शाइना ने मुंबई के नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की थी। शिवसेना शिंदे गुट की महिला विंग ने सावंत के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था।

# फैशन डिजाइनर रोहित बल का हार्टअटैक से निधन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित बल (63) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे दिल से जुड़ी बीमारियों से लंबे समय से पीड़ित थे। साल 2010 में हार्ट अटैक के बाद उनकी एंजियोप्लास्टी भी हुई थी। 1996 में टाइम पत्रिका ने उन्हें भारत का 'मास्टर ऑफ फैब्रिक एंड फैंटेसी' बताया था। रोहित बल को साल 2001 और 2004 में अंतरराष्ट्रीय फैशन अवॉर्ड्स में 'डिजाइनर ऑफ द ईयर' चुना गया था। फैशन डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष



सुनील सेठी ने कहा- उन्हें (रोहित) दिल का दौरा पड़ा था। रोहित एक लीजेंड थे। हम पूरी तरह से हिल गए हैं।

# प्रदूषण की चादर में लिपटी दिल्ली, ठंड का इंतजार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में मौसम जल्द ही करवट लेने वाला है। भारतीय मौसम विभाग का कहना है कि ठंड इस बार धीरे-धीरे बढ़ेगी। पहले उम्मीद थी कि नवंबर के दूसरे और तीसरे सप्ताह में दिल्ली में ठंड तेजी से बढ़ेगी, लेकिन अब इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। इस बीच, दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में हल्की बारिश के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। दिल्ली में मौसम का हाल दिवाली के बाद दिल्ली में प्रदूषण के साथ-साथ मौसम में भी हल्का बदलाव महसूस किया गया है। शुक्रवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान लगभग 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन में आसमान साफ रहने के कारण दिन का तापमान थोड़ा अधिक रहा। उत्तर प्रदेश का मौसम उत्तर प्रदेश में भी शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा, जो नवंबर के लिहाज से सामान्य से ज्यादा है। दिवाली के बाद उत्तर प्रदेश के मौसम में भी हल्की ठंड का एहसास हुआ है, और अनुमान है कि छठ पूजा तक तापमान में गिरावट आ सकती है। कहां होगी बारिश? मौसम विभाग के अनुसार, तमिलनाडु के 15 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इनमें डिंडीगल, मदुरै, तिरुचि, करूर, धर्मपुरी, नमक्कल, इरोड, सलेम, वेल्लोर, तिरुपत्तूर, कल्लाकुरिची और पेरम्बलुर शामिल हैं।

# पीके बोले-चुनाव में सलाह देने के 100 करोड़ लेता था

**गया ( एजेंसी )।** प्रशांत किशोर किसी भी पार्टी या नेता को केवल सलाह देने के लिए 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा फीस लेते थे। ये बयान उन्होंने 31 अक्टूबर को गया की बेलागंज विधानसभा में अपने कैंडिडेट के प्रचार के दौरान दिया। प्रशांत ने आगे कहा कि दस राज्यों में मेरी बनाई सरकार चल रही है। लोग अक्सर पूछते हैं कि मैं अपने अभियान के लिए पैसे कहां से लाता हूं। मेरी बनाई सरकारें आज देश के 10 राज्यों में शासन कर रही है। तो हमको क्या अपने अभियान के लिए टेंट और तंबू लगाने के लिए पैसा नहीं मिलेगा? आप लोगों ने मुझे इतना कमजोर समझ रखा है क्या? दरअसल, 13 नवंबर को बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। पहली बार प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने भी सभी सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे हैं। बेलागंज से मोहम्मद अमजद, इमामगंज से जितेंद्र पासवान, रामगढ़ से सुशील कुमार सिंह कुशवाहा और तरारी से किरण सिंह पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

# झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर महागठंबधन और एनडीए के बीच कड़ी टक्कर

**रांची ( एजेंसी )।** झारखंड विधानसभा के 81 सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। इसे लेकर सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। विधानसभा चुनावों में महागठबंधन और एनडीए के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। दो चरणों में हो रहे चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। वहीं किस सीट पर, किस पार्टी से कौन चुनाव लड़ेगा, इसे लेकर भी तस्वीर साफ हो गई है। आइए जानते हैं किस सीट पर किनके बीच मुकाबला होगा ...

चुनाव 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आएंगे। कुल 81 विधानसभा सीट के लिए 1,211 उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले चरण में 73 महिलाओं और एक 'ट्रांसजेंडर' समेत 683 उम्मीदवार 43 सीट पर चुनाव



लड़ेंगे। वहीं दूसरे चरण के लिए शुक्रवार को 32 उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के बाद अब कुल 528 उम्मीदवार मैदान में हैं।

# स्वाति मालीवाल ने सीएम हाउस के बाहर काला पानी छिड़का

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल शनिवार को दिल्ली सीएम आवास पहुंची। मालीवाल अपने साथ बोतल में काला पानी लेकर पहुंचीं थीं। उन्होंने घर के बाहर पानी को छिड़का और बोतल गेट के पास रख दी। मालीवाल ने कहा- यह वही काला पानी है जो दिल्ली की जनता पी रही है। उन्हें (सीएम) कोई शर्म नहीं है। क्या दिल्ली में रहने वाले ये दूषित पानी पिएंगे। ये दिल्ली सरकार की नल से कोका-कोला की स्कीम है। मैंने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी है कि ये तो बस एक




सैंपल था। अगर 15 दिन के अंदर वो पूरी दिल्ली की पानी सप्लाई ठीक नहीं करती हैं तो मैं एक पूरा टैंकर भर पानी लेकर आऊंगी। मालीवाल बोलीं- सीएम इस काले पानी से नहाएं, या पाप को धोएं स्वाति मालीवाल ने कहा, सागरपुर, द्वारका के लोगों ने मुझे फोन किया था और वहां की स्थिति बहुत खराब है। मैं एक घर में गई और वहां काला पानी सप्लाई हो रहा था। मैंने उस काले पानी को एक बोतल में भरा और मैं उस पानी को यहां, मुख्यमंत्री आवास पर लेकर आई। 2015 से हम सुन रहे हैं कि अगले साल सब ठीक हो जाएगा। मैंने जो पानी उन्हें दिया है, वो इस पानी से नहा सकती हैं, इस पानी को पी सकती हैं या अपने पापों को धो सकती हैं। छठ पूजा आ रही है। आज गोवर्धन पूजा थी, कल दिवाली थी और दिल्ली का ये हाल है। कौन इस पानी को पीकर जिंदा रह सकता है?

## कोहली ने 2027 तक आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने के संकेत दिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपये की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है। कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड-19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं। उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है।

उन्होंने इसमें कहा, ''इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जायेंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता सही में बहुत विशेष हो गया है।'' उन्होंने फिर कहा कि वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते।

## बेन स्टोक्स आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में नहीं लेंगे हिस्सा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स के आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में हिस्सा ना लेने की संभावना जताई जा रही है। वह टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करने के चलते आईपीएल 2025 से बाहर रह सकते हैं। उन्होंने एशेज पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आईपीएल 2024 ऑक्शन में नाम नहीं दिया था। स्टार ऑलराउंडर स्टोक्स ने आखिरी आईपीएल मैच 2023 में खेला था। उन्होंने चेन्नई के लिए दो मैच खेले थे। द टेलीग्राफ कि रिपोर्ट के मुताबिक, स्टोक्स के आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में नाम नहीं देने का मतलब है कि वह व्हाइट-बॉल क्रिकेट पर पूरी तरह से फोकस करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 वर्ल्ड कप में खेला था। हालांकि, 33 वर्षीय ऑलराउंडर वनडे क्रिकेटर से रिटायर होने के बाद वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लौटा। उन्होंने फिर से वनडे खेलने के संकेत दिए हैं। स्टोक्स का 2025 में काफी व्यस्त शेड्यूल है। इंग्लैंड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू और विदेश में टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। एक ऑलराउंर के रूप में स्टोक्स के लिए वर्कलोड मैनेज करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने हाल ही में चोट के बाद वापसी की है। फिलहाल आईपीएल मेगा ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख रविवार 3 नवंबर है। स्टोक्स के ऑक्शन से हटने की एक वजह बीसीसीआई का विदेशी खिलाड़ियों के लिए विशेष नियम भी माना जा रहा है। दरअसल, कई बार इंग्लिश और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी थकान और अन्य प्राथमिकताओं का हवाला देते हुए आईपीएल ऑक्शन में चुने जाने के बाद अपनी फ्रेंचाईजी को छोड़ देते हैं। बोर्ड अब नीलामी में चुने जाने के बाद हटने वाले किसी भी खिलाड़ी पर दो साल का बैन लगा सकता है। स्टोक्स ने 2017 में आईपीएल डेब्यू किया था।

## सरफराज खान को नंबर 8 पर भेजने पर भड़के फैंस, टीम मैनेजमेंट को बताया गलत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों की कमियां उजागर हुई हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर और क्रिकेट फैंस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट की पहली पारी में सरफराज खान को नंबर 8 पर बल्लेबाजी कराने के भारत के फैसले की आलोचना की। टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविंद्र जडेजा के बाद 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सरफराज डक आउट हो गए। सरफराज खान को बल्लेबाजी क्रम में इसलिए पीचे रखा गया क्योंकि भारत ने पहले दिन अंतिम सत्र में नाइटवॉचमैन के रूप में सिराज को भेजा था। शुभमन गिल और ऋषभ पंत के बीच 96 रनों की साझेदारी के बाद मुंबई के इस बल्लेबाज के नंबर 7 पर आने की उम्मीद थी, लेकिन भारत ने दाएं-बाएं संयोजन को बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा को भेजा। पहली पारी में सरफराज खान केवल चार गेंदों पर ही खेल पाए और एजाज पटेल की गेंद पर आउट हो गए। ये गेंद पिच पर गिरने के बाद तेजी से उछली और घूम गई। संजय मांजरेकर ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया कि भारत ने सरफराज को क्यों रोका, जो शानदार फॉर्म में हैं। मुंबई के इस युवा बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट में दूसरी पारी में शानदार पारी खेलते हुए 150 रन बनाए थे।

## 3 साल के अनीश सरकार ने रचा इतिहास, शतरंज की दुनिया में सबसे कम उम्र में फिडे रेटिंग हासिल करने वाले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिस उम्र में आम बच्चे ठीक से बोल भी नहीं पाते हैं उस उम्र में अनीश सरकार ने शतरंज की दुनिया में इतिहास रच दिया है। दरअसल, 3.5 साल के अनीश ने पहले ही टूर्नामेंट में डेब्यू कर लिया था। लगभग महीने बाद, अनीश ने अपना पहला रैपिड रेटिंग टूर्नामेंट खेला। अनीश भाग्यशाली रहे कि उन्हें सिमुल में भारत के नंबर 1 और दुनिया के नंबर 4 ग्रैंड मास्टर अर्जुन इरिगैसी के खिलाफ खेलने का मौका मिला। अनीश ने एक हफ्ते बाद 2 रेटेड खिलाड़ियों को हराया और उसके अगले सफ्ताह में फिडे में रेटिंग हासिल की। एक नवंबर 2024 को उनकी एलो रेटिंग आधिकारिक हो गई और उनका नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया। 26 जनवरी 2021 को जन्में अनीश सरकार ने 3 साल 8 महीने 19 दिन की उम्र में अपनी पहली रेटिंग 1555 हासिल की। उनका पहला रेटिंग टूर्नामेंट ऑल बंगाल रैपिड रेटिंग ओपन 2024 था। उन्होंने वहां 5/11 का प्रभावशाली स्कोर बनाया। इसके बाद उत्तरी कोलकाता में रहने वाले अनीश महज 3 साल 8 महीने और 19 दिन की उम्र में फिडे रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। अनीश ने भारत के ही तेजस तिवारी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। तेजस तिवारी ने 5 साल से कम उम्र में ये उपलब्धि हासिल की थी। अनीश ने अक्टूबर में पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-9 ओपन प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धा शतरंज में डेब्यू किया। इस युवा खिलाड़ी ने अपनी पहली प्रतियोगिता में ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए संभावित 8 में से 5.5 अंक हासिल किए। इस बीच उन्होंने दो रेटेड खिलाड़ियों अरव चटर्जी और अहिलान बैश्य को हराया। वह कुल मिलाकर 24वें स्थान पर रहे। इस बीच, उन्हें ग्रैंडमास्टर अर्जुन इरिगैसी के खिलाफ खेलने का भी मौका मिला। अनीश सरकार को इसके बाद पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-13 ओपन में खेलने का मौका मिला। उस टूर्नामेंट में उन्होंने पांच रेटेड खिलाड़ियों का सामना करने की अर्हता पूरी की। इस तरह से उन्हें फिडे रेटिंग में 1555 की प्रारंभिक रेटिंग मिली।

### रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक बार फिर वापसी की। दूसरी पारी में जडेजा और अश्विन की गेंदबाजी के सामने कीवी बल्लेबाज फेल रहे। भारत ने पहली पारी में 28 रन की बढ़त हासिल करने के बाद न्यूजीलैंड के अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन 9 विकेट झटक लिए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स दूसरी पारी में ताबड़तोड़ बल्लेबाज करते हुए नजर आए और भारत के लिए खतरा बन गए थे। हालांकि, अश्विन ने उन्हें ज्यादा देर तक क्रीज पर टिकने नहीं दिया। न्यूजीलैंड की पारी के 33वें ओवर की पहली और तीसरे गेंद पर अश्विन के खिलाफ ग्लेन ने दमदार छक्के जड़े। हालांकि चौथी गेंद पर ग्लेन फिलिप्स चकमा खा गए। अश्विन ने कैरम बॉल करके उनको चारों खाने चित कर दिया। ग्लेन क्लीन बोल्ड होने के बाद कुछ देर तक क्रीज पर रहे पिच को निहारते रहे। ग्लेन फिलिप्स ने 14 गेंद में 26 गेंद में 26 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए। इसके बाद अश्विन ने विल यंग को भी अपने कैरम बॉल में फंसाया। विल यंग अर्धशतक बनाकर खेल रहे थे। 39वें ओवर की आखिरी गेंद पर वह कॉट एंड बोल्ड हुए।

## टेस्ट क्रिकेट में ऋषभ पंत ने किया कमाल, ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में जारी तीसरे और आखिरी टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कमाल कर दिया है। वह कीवी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी जड़ने वाले भारतीय तो बने ही, साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वो कारनामा कर दिखाया जो आज तक कोई नहीं कर पाया। पंत उस समय बल्लेबाजी करने आए जब टीम मुश्किल में फंसी हुई थी। उस समय आकर भारत के संकट मोचक बने पंत ने अपना 13वां टेस्ट फिफ्टी जड़ा। पंत का ये टेस्ट क्रिकेट में 13वां अर्धशतक है, उन्होंने 50 रन का आंकड़ा 36 गेंदों में पार किया। ये किसी भी भारतीय द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक है। पंत के अलावा इस लिस्ट में यशस्वी जायसवाल, हरभजन सिंह और सरफराज खान का भी नाम शामिल है। बता दें कि, टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक जड़ने का रिकॉर्ड भी ऋषभ पंत के नाम है। इस भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ 2022 में 28 गेंदों पर ये कारनामा किया था।

## पोंटिंग और हीली ने मैकस्वीनी को टेस्ट टीम में चुनने की वकालत की

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है। डेविड वार्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीव स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है। मैकस्वीनी, सैम कोनस्टास, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे खिलाड़ी इस रिक्त स्थान को भरने के दावेदारों में शामिल हैं। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू शो' में कहा, मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है, जो क्वींसलैंड में जन्मे हैं और अब दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन किया है।'' हीली ने एसईएन रेडियो से कहा, ''मुझे खुशी है कि लोगों ने देखा कि नाथन मैकस्वीनी किस तरह से अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

## शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में बनाया अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन शुभमन गिल ने शानदार पारी (90) खेली है।भारतीय टीम को पहली पारी में शुरुआती झटके लगे थे। गिल ने पारी को संभाला और न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया। वह अपने शतक से सिर्फ 10 रन दूर थे, तभी एजाज पटेल की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे।आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

भारत को पहला झटका 25 रन पर लगा। कप्तान रोहित शर्मा 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। गिल नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने आए।इसके तुरंत बाद यशस्वी जायसवाल (30), मोहम्मद सिराज (0), विराट कोहली (4) भी आउट हो गए।गिल ने ऋषभ पंत के साथ पारी संभाली और दोनों के बीच 114 गेंदों में 96 रन की साझेदारी हुई। गिल ने 146 गेंदों का सामना किया और 90 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके और 1 छक्का निकला। गिल ने कीवी टीम के खिलाफ पहला मुकाबला साल 2021 में खेला था। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 5 मुकाबले खेले हैं और 9 पारियों में 35.88 की औसत से 323 रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 90 रन है। गिल ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाए हैं।उनके बल्ले से 10 मैच की 18 पारियों में 37 की औसत से 592 रन निकले हैं।

साल 2024 में गिल ने 10 मुकाबले खेले हैं। इसकी 18 पारियों में 2 बार नाबाद रहते हुए 50.31 की उम्दा औसत के साथ 805 रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 3 शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रन रहा है। गिल अपने टेस्ट करियर के 1 कैलेंडर साल में सबसे ज्यादा रन 2024 में ही बनाए हैं।साल 2023 में इस खिलाड़ी के बल्ले से 6 मैच की 10 पारियों में 258 रन निकले थे। गिल ने पहला टेस्ट साल 2020 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 29 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 53 पारियों में 5 बार नाबाद रहते हुए 37.47 की औसत से 1,799 रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 5 शतक और 7 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 128 रन रहा है। गिल ने इस सीरीज का पहला अर्धशतक लगाया है।पिछले मैच में उनके बल्ले से 30 और 23 रन निकले थे।

## कड़े मुकाबले में अल्काराज और सितसिपास पेरिस मास्टर्स के तीसरे दौर में, रुबलेव हारे




**पेरिस (एजेंसी)।** कार्लोस अल्काराज़ ने अपनी सर्विस पर कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद चिली के निकोलस जेरी को 7-5, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अल्काराज़ को जैरी के मजबूत फोरहैंड से कई बार परेशानी हुई। चिली के खिलाड़ी ने नौवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया। लेकिन जैरी ने अपने अगले सर्विस गेम में डबल फॉल्ट करके पहला सेट गंवा दिया।

अल्काराज ने मैच के बाद कहा,''यह थोड़ा मुश्किल था। पहला सेट जीतकर वास्तव में खुशी हुई। मुझे कोर्ट की गति से सामंजस्य बिठाना होगा। यह मेरे लिए वास्तव में तेज है।'' चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज साल के अपने पांचवें खिताब की तलाश में हैं। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट या अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन से होगा। यूनान के दसवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने एलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराकर साल के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत बनाए रखा। एटीपी फाइनल में चोटी के आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। नॉर्वे के तीन बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और ऑस्ट्रेलिया के गैरवरीय जॉर्डन थॉम्पसन से 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हार गए। रूस के छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव ने दोनों सेट के टाईब्रेकर तक खिंचने से अपना आपा खो दिया और आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने उन्हें 7-6 (6), 7-6 (5) से हराया।

# प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण के लिए तेजी से कार्य कर रही है: प्रतिमा बागरी

## राज्यमंत्री की उपस्थिति में सदावर्त गौशाला में हुई गोवर्धन पूजा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौ संवर्धन एवं संरक्षण के लिए तेजी से कार्य कर रही है। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने शनिवार को सतना शहर के सदावर्त गौशाला में गोवर्धन पूजा की। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गौशाला में स्थित विधि-विधान और मंत्र उच्चारण के साथ गोवर्धन पूजा कर प्रदेशवासियों के सुखी जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई गोवर्धन पूजा के राज्य स्तरीय समारोह का लाइव टेलीकास्ट भी कार्यक्रम स्थल पर देखा गया।








राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण की दिशा में तेजी से कार्य रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में सभी त्यौहार को धूमधाम और हर्षोल्लास मनाया जा रहा है। जिससे हमारी गौरवशाली संस्कृति और परंपरा का संरक्षण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे 33 करोड देवी-देवताओं का निवास गौमाता में बताया गया है और परंपरा अनुसार घर में बनने वाले भोजन की पहली रोटी गौ ग्रास के रूप में निकालकर गाय को खिलाते हैं। पहले के समय में घर-घर में गाय होती थी। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर का एक उद्रहण प्रस्तुत करते हुए बताया कि मनुष्य के जीवन में गौमाता से महान कोई भी सहयोगी प्राणी नहीं है। उन्होंने कहा कि दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा काफी प्राचीन है। गोवर्धन एवं गाय की पूजा प्रतीक रूप में होती है। वास्तव में यह प्रकृति की पूजा का भी पर्व है। लोक जीवन में गोवर्धन पूजा की समृद्ध परंपरा है।

राज्यमंत्री बागरी ने गोवर्धन पूजा के बाद सदावर्त स्थित गौ-शाला की गायों को मिष्ठान और चारा खिलाया। उन्होंने गायों को स्नेहपूर्वक दुलारा और उन्हें गुड़ एवं मिष्ठान इत्यादि स्वयं खिलाया। कार्यक्रम में विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि सदावर्त कमेटी की गौशाला को गौसंरक्षण संवर्धन के पुण्य कार्य हेतु अपनी विधायक निधि से हर संभव मदद की जायेगी। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति में गौमाता हमेशा पूज्यनीय रहीं है। पुरातन काल से ही गाय का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। गाय ही एक मात्र प्राणी है जिसका गोबर और मूत्र पूजन सामग्री के रूप में अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि आज के वर्तमान युग में प्लास्टिक और पन्नी गायों के जीवन के लिए खतरा बन रही है। प्लास्टिक और पन्नी का बहिष्कार करें तथा गौमाता की रक्षा करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर राज्यमंत्री बागरी ने विधि विधान से गोवर्धन पूजन और हवन किया। इस मौके पर स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, विंध्य चेंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष सतीश सुखेजा, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, निगमायुक्त शेर सिंह मीना, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. प्रमोद शर्मा, मणिकांत महेश्वरी, गोपी गेलानी, महेन्द्र पाण्डेय, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, कमलेश पटेल सहित गौशाला के पदाधिकारी और गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# किराना दुकान में लगी आग

## लाखों का सामान जलकर राख, मौके से 26 एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के सिविल लाइन थाना अंतर्गत सोहावल गांव में शुक्रवार की आधी रात एक किराना दुकान में आग लग गई। इस आग में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। आग शुक्रवार और शनिवार की रात करीब 3 बजे लगी। जिस दुकान में आग लगी है, दुकान मालिक अपने परिवार के साथ उसी बिल्डिंग में ऊपर रहता है। दुकान के मालिक अशोक गुप्ता ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, सभी लोग गहरी नींद में थे। रात में पड़ोस में रहने वाली एक महिला की नींद खुली तो उसे दुकान के अंदर कुछ जलता हुआ दिखा। पहले तो उसने भी यही समझा कि बिजली के वोल्टेज के कारण ज्यादा रोशनी नजर आ रही है लेकिन जब पास जा कर आग लगी देखी।

**दो दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया:** महिला ने ही अशोक गुप्ता और उसके परिवार के लोगों को उठाया। कुछ ही देर में मोहल्ले के अन्य लोग भी जाग गए और सभी ने आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। आसपास के घरों की बोरिंग चालू कर पानी डाला जाने लगा। सिविल लाइन पुलिस की मौजूदगी में सुबह लगभग 5 बजे पहुंचे दो दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था।

**शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका:** बताया जाता है कि दुकान के अंदर आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि लोहे के शटर भी गर्म होकर लाल हो गए थे। सुबह एसडीएम राहुल सिलाड़िया, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े ने भी मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। टीआई सिविल लाइन योगेंद्र सिंह ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगने की आशंका है।

**जब्त हुए 26 एलपीजी सिलेंडर:** पुलिस की जांच के दौरान अशोक गुप्ता के घर पर रसोई गैस के 26 सिलेंडर पाए गए। इनमें से कुछ सिलेंडर भरे थे जबकि कई खाली थे, लेकिन ये सिलेंडर दुकान से अलग घर के दूसरे हिस्से में रखे हुए थे। दुकान में आग लगने के बाद अशोक और आसपास के लोगों ने मिल कर पहले इन सिलेंडरों को ही निकाल कर घटना स्थल से दूर किया। आग के चपेट में आने पर बड़े विस्फोट और बड़ी घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। एसडीएम ने सभी एलपीजी सिलेंडर जब्त कर लिए है। आग लगने के अन्य कारणों की जांच और आग से हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

# जैतवारा में हनुमान मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों में विवाद

## तलवार के हमले से 3 लोग घायल, पुजारी पर गोली चलाने का आरोप

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले के जैतवारा थाना अंतर्गत कोनिया में हनुमान मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों के बीच हुए विवाद में तलवार चलने की वारदात में 3 लोग घायल हो गए। पुजारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे पक्ष ने गोली चलाने का भी आरोप लगाया है। लेकिन, पुलिस को आरोपी के पास सिर्फ तलवार ही मिली है।





जानकारी के मुताबिक, जैतवारा थाना क्षेत्र में बिरसिंहपुर रोड पर ग्राम कोनिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी राजकुमार मिश्रा उर्फ सीताराम उर्फ ढोला बाबा और ग्रामीणों के बीच हुए विवाद में तलवार और गोली चल गई। पुजारी राजकुमार उर्फ ढोला बाबा ने पहले तलवार चलाई और फिर जब भीड़ ने उसे घेरा तो कट्टे से फायर भी कर दिया। शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे हुई इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में शिवा डोहर ,अजीत पाल और रामकेश शामिल हैं।

**शराब के नशे में माचिस मांगने पर हुआ विवाद:** स्थानीय लोगों ने बताया कि कोनिया के प्राचीन हनुमान मंदिर में 70 वर्षीय राजकुमार उर्फ ढोला बाबा पिछले कई वर्षों से रहकर पूजा पाठ करता आ रहा है। मंदिर बस्ती से थोड़ी दूरी पर है लिहाजा यहां गांव के बिगड़ैल और नशेड़ी लोग नशा करने भी पहुंचते रहे हैं। पुजारी इस पर ऐतराज जताता था।

गांव का ही शिवा डोहर भी अक्सर वहां अपने साथियों के साथ नशा करने आता था। जिसके कारण पुजारी का उससे अक्सर विवाद होता था। शुक्रवार को देर शाम भी शिवा अपने साथी अजीत पाल के साथ शराब के नशे में वहां पहुंचा। उसने पुजारी से माचिस मांगी और पुजारी के इनकार करने पर गाली गलौज करते हुए विवाद करने लगा।


उसकी यह हरकत पुजारी को नागवार गुजरी तो उसने तलवार निकाल कर हमला कर दिया, जिससे शिवा और अजीत घायल हो गए। उस वक्त वे वहां से चले गए और कुछ देर बाद अपने साथ भीड़ लेकर पुजारी पर हमला करने जा पहुंचे।

भीड़ ने पुजारी को कमरे से बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन जब कामयाबी नहीं मिली तो कमरे को बाहर से बंद कर दिया और शोर गुल, गाली-गलौज करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान पुजारी ने कमरे के अंदर से कट्टे से फायर कर दिया। इस घटना में रामकेश डोहर भी घायल हो गया।

रामकेश का कहना है कि उसे छर्रे लगे हैं। हालांकि, अन्य ग्रामीणों की माने तो गोली किसी को नहीं लगी। घटना की सूचना मिलने पर जैतवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पुजारी को बाहर निकाल कर हिरासत में ले लिया।

**आरोपी पुजारी गिरफ्तार, तलवार जब्त:** उधर, पुलिस ने इस मामले में अजीत पाल की शिकायत पर तलवार बाजी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि अजीत पाल और शिवा शुक्रवार की रात साढ़े 9 बजे हथिया नदी के पास बैठे थे तभी सीताराम उर्फ राजकुमार उर्फ ढोला बाबा ने वहां पहुंच कर गाली गलौज की और तलवार से हमला कर दिया। आरोपी के कब्जे से तलवार जब्त भी की गई है।

# मैहर जिले में की गई गोवर्धन की पूजा



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर जिले में शनिवार को गोवर्धन एवं गौ पूजन के अवसर पर मैहर मां शारदा प्रबंध समिति के द्वारा संचालित गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला पंचायत सदस्य जयंती तिवारी, कलेक्टर रानी बाटड़, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, दिलीप त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश चौरसिया, महेश दरयानी सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी प्रकार बडा अखाडा मैहर में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। जहां विधि विधान पूर्वक गौमाता और गोवर्धन पूजा की गई।

# कोठी में कुल्हाड़ी मार कर महिला की हत्या

## घर मे चल रही थी गोवर्धन पूजा की तैयारी, लापता जेठ के बेटे पर मर्डर का संदेह



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कोठी थाना क्षेत्र के रमपुरा में कुल्हाड़ी मार कर एक महिला की उसके घर पर ही हत्या कर दी गई। कोठी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तफ्तीश शुरू कर दी है। साइबर टीम को भी जांच के लिए रमपुरा बुलाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, कोठी थाना अंतर्गत ग्राम रमपुरा में गोवर्धन पूजा के दिन शनिवार को 35 साल की सुनैना यादव की हत्या कर दी गई। उसके सिर ,गर्दन और चेहरे पर कुल्हाड़ी से वार किया गया। सुनैना का खून से लथपथ शव घर के आंगन में ही पड़ा पाया गया। हत्या का संदेह मृतका के जेठ के बेटे पर जताया जा रहा है।

**गोवर्धन पूजा से पहले हुई हत्या:** बताया जाता है कि शनिवार को घर पर गोवर्धन पूजा की तैयारी चल रह थी। आंगन में गोबर भी इकट्ठा कर रखा गया था। लेकिन इससे पहले सुबह सुनैना की हत्या कर दी गई। चीख सुनकर जब घर के लोग वहां पहुंचे तो वह जमीन पर पड़ी थी और आसपास खून फैला हुआ था।

**जेठ का बेटा लापता, मोबाइल शव के पास मिला:** सूचना मिलने पर कोठी थाना प्रभारी श्वेता मौर्य मौके पर पहुंचीं। उन्होंने साइबर टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस ने जब जांच शुरू करते हुए घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि मृतका के जेठ का बेटा लापता है। उसका मोबाइल और उसकी चप्पलें भी घर पर ही घटनास्थल के पास पड़ी थीं लेकिन वह गायब था।

पुलिस को यह भी पता चला कि उसका दो तीन दिन पहले सुनैना से किसी बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। संदेह जताया जा रहा है कि उसने ही वारदात को अंजाम दिया हो सकता है। हालांकि, पुलिस तमाम अन्य बिन्दुओं को भी ध्यान में रख कर जांच कर रही है।

# अग्नि दुर्घटना की जांच करने पहुंचे अफसरों को मिला अवैध रूप से भंडारित गैस सिलेंडर का जखीरा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सोहावल विकासखंड मुख्यालय के ग्राम तरहटी में देर रात अशोक गुप्ता के घर में लगी आग को अल सुबह तक 2 दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी रही। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। सुबह अधिकारियो का दल जब घटना से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे तो घटना स्थल पर अवैध रूप से भण्डारित घरेलू और व्यवसायिक सिलेण्डरों का संग्रहण पाया गया। अधिकारियो ने अशोक गुप्ता के घर पर अवैध रूप से भंडारित गैस सिलेंडरों का जखीरा बरामद किया। इनमें कामर्शियल गैस सिलेण्डर एचपी 1 नग, पेट्रोमैक्स छोटे सिलेण्डर 4 नग, घरेलू गैस सिलेण्डर भारत 8 नग, इण्डेन 2 नग और एचपी के 15 नग कुल मिलाकर 30 नग गैस सिलेण्डर पाये गये। दुर्भाग्य से सिलेंडर में आग लगती तो बहुत ही भयावह घटना हो सकती थी। लिहाजा मौके पर मिले 30 गैस सिलेंडर को अधिकारियो ने जप्त कर पुष्पेंद्र गैस एजेंसी को सुपुर्द किया है। इस कार्यवाही में एसडीएम और जिला आपूर्ति अधिकारी एलआर जांगड़े, एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया ने टीम के साथ पहुंच कर जप्ती की कार्यवाही की। जिला आपूर्ति अधिकारी एलआर जांगडे ने बताया कि अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डरों पर संग्रहण करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# सीएम मोहन की चाय के बाद मंत्री की जलेबी

## कार्यकर्ताओं को खिलाकर पूछा-जलेबियां कैसी बनी हैं

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पिछले दिनों अपने चित्रकूट प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने चाय बनाई तो अब उनकी अधीनस्थ मंत्री जलेबियां तलती नजर आईं। राज्य मंत्री ने जलेबियां बनाईं और अपने कार्यकर्ताओं को उनका स्वाद भी चखाया। मंत्री के जलेबियां बनाने का वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दीपावली के अवसर पर क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान मिठाई के एक स्टॉल पर पहुंच कर जलेबी बनाईं। राज्य मंत्री शुक्रवार को




अपने गृह विधानसभा क्षेत्र रैगांव के सिंहपुर मंडल अंतर्गत ग्राम मेढकानी गई थीं। वहां मेले सा माहौल था, लिहाजा दुकानें भी लगी हुई थीं। राज्यमंत्री की नजर एक स्टॉल पर पड़ी जहां जलेबियां बन रही थीं। वे स्टॉल पर पहुंचीं और जलेबी बनाने वाला कपड़ा हाथ मे लेकर उन्होंने खुद ही जलेबी बनाना शुरू कर दिया।

**कार्यकर्ताओं और वहां मौजूद लोगों को चखाई जलेबी:** राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने बाकायदा जलेबियां तली और फिर उन्हें चाशनी में डुबोया। राज्यमंत्री ने अपनी बनाई गरमा-गरम जलेबियां अपने साथ रहे कार्यकर्ताओं और वहां मौजूद अन्य लोगों को भी खिलाई और उस हलवाई को भी चखवाई जिसके स्टॉल पर वे जलेबी बना रही थीं। राज्यमंत्री ने चखने वालों से पूछा कि जलेबियां कैसी बनी हैं।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो:** राज्यमंत्री प्रतिमा का जलेबी बनाने का वीडियो भी कार्यकर्ताओं ने बनाया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग वीडियो देख कर उनकी सहजता और पाक कला की तारीफ भी कर रहे हैं। बता दें कि अभी 27 अक्टूबर को चित्रकूट प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कामद गिरि परिक्रमा पथ पर राधा नामक महिला की दुकान पर चाय बनाई थी। उस वक्त उनकी धर्मपत्नी भी उनके साथ थीं और चाय बनाने में सहयोग करती नजर आई थीं।

# सतना रेलवे यार्ड में हादसा, पटरी से उतरे मालगाड़ी के पहिए

## डीरेल हुआ गिट्टी से लोड वैगन, रेल यातायात पर नहीं पड़ा असर



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना रेलवे स्टेशन के यार्ड में शनिवार शाम को एक मालगाड़ी डीरेल हो गई। मालगाड़ी के एक वैगन के पहिए पटरी से नीचे उतर गए। इस दुर्घटना में ट्रैक को क्षति पहुंची है। रेलवे की टीम ने मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, सतना रेलवे स्टेशन के यार्ड में शनिवार शाम लगभग 5 बजे एक मालगाड़ी के पहिए पटरी से नीचे उतर गए। इस दौरान हूटर बजते ही रेलवे के अधिकारी, रेस्क्यू और मेंटेनेंस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम ने मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है।

**रेल यातायात पर नहीं पड़ा असर:** मालगाड़ी में गिट्टी लोड थी, गाड़ी को मानिकपुर तरफ जाना था। शाम के वक्त यार्ड में शंटिंग चल रही थी, इसी दौरान एक वैगन के पहिए ट्रैक से उतर गए। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के दो अन्य वैगन भी प्रभावित हुए हैं। ट्रैक को भी नुकसान पहुंचा है। लेकिन, इसका असर सतना स्टेशन पर रेल यातायात पर नहीं पड़ा है।

# बुंदेलखंड में दीपावली बाद की दिवारी नृत्य की धूम

## हजारों साल पुरानी परंपरा आज भी जीवंत, ढोल की थाप पर लयबद्ध अंदाज में नृत्य

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में दीपावली की रौनक के बाद अब बुंदेलखंड के गांव-गांव में दिवारी नृत्य की धूम है। अपनी समृद्ध लोक संस्कृति के लिए पहचाने जाने वाले बुंदेलखंड क्षेत्र में दिवाली के अगले दिन शुक्रवार रात दिवारी नृत्य का आयोजन किया गया। ग्रामीण लोग पीले वस्त्र पहन, सिर पर मोर पंख सजाकर और लाठियां लेकर ढोल की थाप पर लयबद्ध अंदाज में नृत्य करते नजर आए।



चित्रकूट, बांदा सहित बुंदेलखंड के अन्य जिलों में यह परंपरा आज भी जीवंत है। लोगों का उत्साह इस नृत्य को देखने के लिए देर रात तक बना रहा।

**लाठियों और ढोल की थाप पर झूमते ग्रामीण:** दिवारी नृत्य बुंदेलखंड की अनूठी परंपरा है। जिसे गांवों में लोकनृत्य की तरह मनाया जाता है। इसमें नर्तक ढोल-नगाड़ों की थाप पर लाठियां भांजते हुए अद्भुत करतब दिखाते हैं। लोगों का कहना है कि यह नृत्य भगवान कृष्ण के प्रति भक्ति का प्रतीक है। इसे मौनिया नृत्य भी कहा जाता है। जिसमें नर्तक टोली में गांव-गांव जाकर प्रदर्शन करती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, एक टोली 12 वर्षों तक 12 अलग-अलग गांवों में जाकर इस नृत्य का आयोजन करती है। हर साल गोवर्धन पूजा के दिन आयोजित होने वाला यह नृत्य धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। जिसमें भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की स्मृति में यह आयोजन किया जाता है।

**प्रकृति पूजक परंपरा का उत्सव:** बुंदेलखंड में यह नृत्य परंपरा सदियों से चली आ रही है। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, यह एक प्रकृति पूजक परंपरा है। जिसमें ग्रामीण अपने लोक देवता की भक्ति में लीन रहते हैं और दिवारी गीत गाकर कृष्ण भक्ति का संदेश फैलाते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।